गैरसैंण, रविवार
17 नवम्बर 2024
वर्षः 16
अंकः 184 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

35 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

रुड़की। एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों की जांच चल रही है। मामले को मानसिक तनाव, पारिवारिक विवाद की नजर से भी जोड़कर देखा जा रहा है। 35 वर्षीय प्रवेश पुत्र धर्मपाल, निवासी टोडा गांव शुक्रवार शाम के वक्त ढंडेरा फाटक के पास पहुंचा। इस बीच एक ट्रेन वहां से गुजरी तो प्रवेश ट्रेन के आगे कूद गया। घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी और रुड़की कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रुड़की कोतवाली इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि ट्रेन रन ओवर से 35 वर्षीय प्रवेश की मौत हो गई है। आत्महत्या की वजह क्या रही, इसके बारे में परिजनों से पूछताछ चल रही है।

रायवाला क्षेत्र में आठ घंटे गुल रहेगी बत्ती

ऋषिकेश। रायवाला क्षेत्र की तीन ग्रामसभाओं में दो दिन सुबह से शाम तक आठ घंटे बत्ती गुल रहेगी। ऊर्जा निगम में गांवों में विद्युत लाइनों के अनुरक्षण कार्यों के लिए शटडाउन लेने का निर्णय लिया है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोगों को पेयजल के लिए भी दो–चार होना पड़ सकता है। ऊर्जा निगम के ऋषिकेश कार्यालय के मुताबिक प्रतीतनगर, गौहरीमाफी और रायवाला में बिजली लाइनों की मरम्मत की जानी है, जिसके चलते 18 और 20 नवंबर को सुबह नौ से शाम चार बजे तक शटडाउन किया जाएगा। करीब पांच हजार उपभोक्ता प्रभावित होंगे। बिजली सप्लाई बाधित होने से क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था भी लड़खड़ाने की पूरी आशंका है। जनरेटर नहीं होने के चलते जल संस्थान के पंप बगैर बिजली के संचालित नहीं हो पाते हैं, जिसके चलते पेयजल की आपूर्ति नहीं होने से भी स्थानीय लोगों को दो–चार होना पड़ेगा। जल संस्थान के एअई कमलेश पंत ने बताया कि तीन ग्रामसभाओं में सुबह, दोपहर और शाम को पेयजल की सप्लाई की जाती है। शट डाउन की वजह से दोपहर में पानी नहीं आएगा। बिजली सप्लाई सुचारू होने पर शाम को अतिरिक्त पानी दिया जाएगा। उधर, ऊर्जा निगम के ईई शक्ति प्रसाद ने बताया कि अनुरक्षण कायी का होना जरूरी है, जिसके चलते यह शटडाउन लिया गया है। इससे स्थानीय लोगों को ही बेहतर बिजली सप्लाई की सुविधा मिल सकेगी।

वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार हुआ चकराता

विकासनगर। गुरुपर्व की छुट्टी के साथ पड़े लॉन्ग वीकेंड पर बड़ी संख्या में पर्यटकों ने चकराता का रुख किया। चकराता की वादियों में पहुंचकर पर्यटकों ने यहां के मौसम का आनंद लिया। गुरुपर्व के साथ पड़ी छुट्टियों के लिए चकराता के कुछ होटलों में पहले से ही एडवांस बुकिंग हो गई थी। शुक्रवार शाम से ही पर्यटकों का चकराता पहुंचना शुरू हो गया था। शनिवार को क्षेत्र के 70 प्रतिशत होटल, रिजॉर्ट और होमस्टे के कमरे बुक रहे। इससे होटल व्यवसायियों के चेहरों पर रौनक नजर आई। चकराता पहुंचे पर्यटकों ने शनिवार शाम सन सेट प्वाइंट पर डूबते सूरज का दीदार भी किया। पर्यटकों ने शाम को छावनी बाजार में जमकर खरीदारी की। शाम के समय बाजार में पर्यटकों की भीड़ नजर आई। उधर, शनिवार सुबह से ही पर्यटकों ने टाइगर फॉल, मोयला टॉप, लोखंडी, कोटी कनासर, बैराटखाई, देवबन आदि पर्यटन स्थलों का दीदार कर प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाया। कई पर्यटकों ने चकराता बाजार के समीप स्थित प्राचीन स्वयंभू चिंताहरण महादेव मंदिर और एमईएस लाइन स्थित गुरुद्वारे के दर्शन भी किये।

कनखल में मिले दो शव

हरिद्वार । कनखल क्षेत्र में अलग–अलग जगहों पर गंगा में दो शव उतराते हुए मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शवों को बाहर निकलवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। दोनों की शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि मातृ सदन आश्रम के निकट गंगा किनारे एक शव पानी तैर रहा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया गया।

मणिपुर: जिरीबाम में तीन शव मिलने के बाद बवाल

भीड़ ने मंत्रियों–विधायकों के आवास पर बोला धावा, कर्फ्यू लागू

इंफाल। मणिपुर में हिंसा एक बार फिर से तेज हो गई है। इंफाल में शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने दो मंत्रियों और तीन विधायकों के आवासों पर धावा बोला और जिरीबाम जिले में तीन लोगों की हत्या के लिए न्याय की मांग की। विधायकों के घरों पर भीड़ के हमले के बाद इंफाल पश्चिम प्रशासन ने जिले में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लागू कर दिया है। इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट टी किरणकुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, शनिवार शाम 4.30 बजे से कर्फ्यू लगा दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि भीड़ ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सपम रंजन के लम्फेल सनाकेथेल इलाके में स्थित आवास पर धावा बोल दिया।

'तो इस्तीफा देंगे मंत्री'

लम्फेल सनाकेथेल विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि डेविड ने संवाददाताओं से कहा, 'सपम ने हमें आश्वासन दिया कि तीन लोगों की हत्या से संबंधित मुद्दों पर कैबिनेट बैठक में चर्चा की जाएगी और अगर सरकार जनता की भावनाओं का सम्मान करने में विफल रहती है तो मंत्री अपना इस्तीफा दे देंगे।' एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री एल सुसिंद्रो सिंह के घर पर भी धावा बोला।

भाजपा विधायक के आवास के बाहर नारेबाजी

इंफाल पश्चिम जिले के सागोलबंद इलाके में प्रदर्शनकारियों ने भाजपा विधायक आरके इमो के आवास के सामने एकत्र होकर नारे लगाए। इमो मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद भी हैं। उन्होंने तीन लोगों की हत्या पर सरकार से उचित प्रतिक्रिया की मांग की और अधिकारियों से 24 घंटे के भीतर अपराधियों को गिरफ्तार करने का आग्रह किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि केशामथोंग निर्वाचन क्षेत्र के निर्दलीय विधायक सपाम निशिकांत सिंह से मिलने उनके टिडिम रोड स्थित आवास पर आए प्रदर्शनकारियों ने उनके स्वामित्व वाले एक स्थानीय समाचार पत्र के कार्यालय भवन को निशाना बनाया। उन्होंने दावा किया कि भीड़ ने कार्यालय भवन के सामने कुछ अस्थायी संरचनाओं को नष्ट कर दिया।

महाराष्ट्र चुनाव: ठाणे में एसएसटी का बड़ा एक्शन, गाड़ी से 5.55 करोड़ रुपये कैश किया जब्त

ठाणे। महाराष्ट्र में विधान सभा चुनाव के लिए वोटिंग 20 नवंबर को होगी। चुनाव पूरी तरीके से पारदर्शी हो, इसको देखते हुए चुनाव आयोग लगातार सख्ती बरत रहा है। इस बीच चुनाव आयोग की एक स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) को महाराष्ट्र के ठाणे जिले से एक वाहन से 5.55 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने दी।

इतने पैसे कहां जा रहे थे नहीं मिली जानकारी

इस संबंध में निर्वाचन अधिकारी विश्वास गूजर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्थैतिक निगरानी टीम सुबह शिलफाटा क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान टीम के अधिकारियों ने एक वाहन को रोका और उसमें 5.55 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की। वहीं, निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में सवार लोग इतनी बड़ी रकम लेकर कहां जा रहे थे इस बात को बताने में वे असफल रहे। कैश के विवरण से संबंधित कोई कागजात भी उनके पास नहीं मिला। संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने बताया, "चूंकि यह राशि 10 लाख रुपये की स्वीकार्य सीमा से अधिक थी, इसलिए मामले को आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को भेज दिया गया।"

शराब के 'बेकाबू सुरूर' पर आयुक्त और डीएम की चोट

पांच सितारा होटल हयात में नहीं पिलाई जाएगी 24 घंटे शराब

देहरादून। शहर की सड़कों पर रात के जश्न के बाद रफ्तार की जंग पर अंकुश लगाने की दिशा में सरकारी मशीनरी अब सभी स्तर पर कार्रवाई कर रही है। दून में कोई भी बार रात 11 बजे के बाद न खुल पाए, इसके लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इस कार्रवाई की जद में पांच सितारा होटल हयात रीजेंसी भी आ गया है। होटल को मिली 24 घंटे शराब पिलाने की अनुमति को आबकारी आयुक्त एचसी सेमवाल ने निरस्त कर दिया है। आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी सविन बंसल ने भी औपचारिक आदेश जारी कर दिया है।

बार खोलने के लिए दिया गया था 12 घंटे का अतिरिक्त समय

तत्कालीन आबकारी आयुक्त के अगस्त 2024 के आदेश के क्रम में होटल हयात को 28 अक्टूबर 2024 को निर्धारित रात 11 बजे के बाद बार खोलने के लिए

12 घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया था। ओएनजीसी चौक पर इनोवा कार हादसे में छह युवक–युवतियों के जान गंवाने के बाद देर रात के बेकाबू जश्न पर अंकुश लगाने की दिशा में कड़े कदम उठाए गए। रात 11 बजे के बाद खुले तीन बार का लाइसेंस जिलाधिकारी के आदेश पर 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद से शहर के तमाम बार संचालक हयात रीजेंसी का 24 घंटे बार खोलने का उदाहरण लेकर आबकारी आयुक्त के पास पहुंचे। उन्होंने भी 24 घंटे की अनुमति जारी करने की मांग उठाई और हाई कोर्ट में बाद दायर करने की चेतावनी दी। इसके बाद आबकारी आयुक्त ने 14 नवंबर को हयात रीजेंसी को दिए गए 12 घंटे के अतिरिक्त समय को निरस्त कर दिया। आयुक्त के आदेश के क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी सविन बंसल ने भी औपचारिक आदेश जारी कर दिया।

सप्ताहांत में रात 12 बजे तक बार खोलने पर डीएम की रोक

देहरादूनः मेट्रो शहरों के साथ कदमताल कर रहे दून में वीकेंड पार्टी (सप्ताहांत जश्न) का चलन तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार और रविवार को बार रेस्तरां, पब, रिसार्ट और होटल आदि में पार्टियों के क्रेज को देखते हुए एक घंटे अतिरिक्त समय तक बार खोलने की छूट थी।

दिल्ली में उत्तराखंड की बसों के प्रवेश पर रोक!

प्रदूषण के दृष्टिगत कश्मीरी गेट आइएसबीटी नहीं जा पाएंगी

देहरादून। बढ़ते प्रदूषण के दृष्टिगत उत्तराखंड परिवहन निगम की 300 पुरानी डीजल बसों पर शनिवार से दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध लग गया। यह सभी बसें बीएस–3 व बीएस–4 श्रेणी की हैं। इस संबंध में दिल्ली सरकार पिछले तीन वर्ष से उत्तराखंड परिवहन निगम को सचेत कर रही थी, लेकिन परिवहन निगम प्रबंधन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

वर्तमान में उत्तराखंड परिवहन निगम के पास 90 बीएस–6 डीजल व 162 अनुबंधित सीएनजी बसें ही हैं, जो दिल्ली कश्मीरी गेट आइएसबीटी जा पाएंगी। दिल्ली मार्ग पर चलने वाली 540 बसों में से शेष 288 बसें अब दिल्ली नहीं जा पाएंगी। शनिवार शाम से इन बसों का संचालन दिल्ली के लिए रोक दिया गया, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

तीन वर्षों से दिल्ली में डीजल बसों के प्रवेश पर प्रतिबंध की थी तैयारी

दिल्ली सरकार पिछले तीन वर्षों से प्रदूषण नियंत्रण को लेकर दिल्ली में डीजल बसों के प्रवेश पर प्रतिबंध की तैयारी कर रही थी।

इसके लिए उत्तराखंड परिवहन निगम समेत सभी राज्यों के परिवहन निगम को वर्ष 2021 से पत्र भेजे जा रहे, जिनमें एक अक्टूबर से बीएस–3 व बीएस–4 डीजल बसों के प्रवेश पर प्रतिबंध की चेतावनी दी गई थी। हालिया अगस्त में भी दिल्ली सरकार ने चेतावनी पत्र भेजा था, लेकिन उत्तराखंड परिवहन निगम ने गंभीरता नहीं दिखाई। हालांकि, त्योहारी सीजन व उत्तराखंड सरकार के आग्रह के बाद दिल्ली सरकार ने बसों के प्रवेश को सशर्त छूट दे दी थी। इसी बीच दिल्ली का प्रदूषण उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिस पर शनिवार से उत्तराखंड की सभी पुरानी बसों को कश्मीरी गेट आइएसबीटी में प्रवेश नहीं दिया गया व बसों का चालान भी किए गए। इस सूचना के बाद परिवहन निगम के महाप्रबंधक (संचालन) पवन मेहरा ने सभी डिपो प्रबंधकों को आदेश दिया कि दिल्ली कश्मीरी गेट आइएसबीटी पर केवल 162 अनुबंधित सीएनजी व 90 नई बीएस–6 बसों को ही भेजा जाए।

अकेले 175 बसें देहरादून से संचालित

बता दें कि, उत्तराखंड के सभी डिपो से दिल्ली मार्ग पर रोजाना 540 बसों का संचालन किया जाता है। इसमें अकेले 175 बसें देहरादून से संचालित होती हैं। दिल्ली

मार्ग पर उत्तराखंड से करीब 50 हजार यात्री प्रतिदिन आवागमन करते हैं।

दिल्ली के प्रदूषण ने अनफिट कर दी कुमाऊंकी 351 रोडवेज बसें

हल्द्वानी : शनिवार को आए आदेश ने परिवहन निगम के लिए संकट की स्थिति पैदा कर दी है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की वजह से बीएस–3 और बीएस–4 माडल की डीजल बसों के संचालन पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। ऐसे में कुमाऊं के अलग–अलग डिपो से जुड़ी उत्तराखंड रोडवेज की 351 बसें दिल्ली या दिल्ली होकर हरियाणा और राजस्थान भी नहीं जा पाएंगी।

काठगोदाम डिपो की नौ वोल्वो भी बीएस–6 माडल की नहीं है। इसलिए शाम से इनका संचालन भी बंद कर दिया गया। कुल मिलाकर रोडवेज अब अनुबंधित सीएनजी बसों पर निर्भर हो चुका है। हाल में निगम ने कुछ बसें खरीदी तो हैं, लेकिन ये संख्या भी कम है। दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने पर हर बार उत्तराखंड रोडवेज के लिए संकट की स्थिति पैदा हो जाती है। बीएस–3 और बीएस–4 माडल की बसों पर प्रतिबंध लग जाता है, जबकि रोडवेज के बस बेड़े में 90 प्रतिशत बसें इसी श्रेणी की हैं। शनिवार को जीएम संचालन पवन मेहरा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रतिबंधित श्रेणी की किसी भी बस को दिल्ली न भेजें, क्योंकि चालान होने पर रोडवेज का घाटा और बढ़ जाएगा।

फर्जी चैक बुक बनाकर बैंक खाते से निकाले 9.80 लाख

देहरादून। एक व्यक्ति के नाम से बैंक पहुंचे युवक ने उसके खाते की फर्जी चैकबुक बनाकर 9.80 लाख रुपये निकाल दिए। आरोप है कि बैंक कर्मियों ने बिना वैरिफिकेशन उसे रकम थमा दी। पीड़ति का कहना है कि बैंक कर्मचारियों ने आरोपी से मिलीभगत की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि नदीम सरवर निवासी मित्रलोक कॉलोनी ने तहरीर दी कि उनका घंटाघर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में खाता है। 07 नवंबर दोपहर उनको मोबाइल पर बैंक खाते से 9.80 लाख रुपये निकाले जाने का एसएमएस प्राप्त हुआ।

इसके बाद वो बैंक पहुंचे तो पता चला एक अज्ञात युवक उनके नाम से बैंक पहुंचा और उनके खाते की नई चैकबुक बना दी। बैंक कर्मियों ने पूर्व चैक बुक की अंतिम समाप्ति स्लीप लिये बिना, व्यक्ति की पहचान किए बिना, बिना उसकी फोटो, आईडी, हस्ताक्षर सत्यापन के चैकबुक जारी कर दी। चैकबुक जारी होते ही आरोपी ने उनके खाते से रकम निकाली। आरोप है कि इसके बाद बैंक कर्मियों ने अवकाश का बहाना बनाकर उन्हें बाद में आने के लिए कहा।

काशीपुर में हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़

पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

देहरादून। उत्तराखंड के काशीपुर में पुलिस ने हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह का मुख्य सरगना राशन डीलर है। वह एक महिला के साथ यह धंधा चलाता था। पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मणिकांत मिश्रा ने शनिवार को बताया कि गिरोह की महिला सदस्य गौरी वर्मा उर्फ दमयंती लोगों को फंसाती और उसके बाद गिरोह के सदस्य महिला के साथ पीड़ित की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने के नाम पर अच्छी खासी रकम ऐंठ लेते। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मणिकांत मिश्रा ने बताया कि काशीपुर के मानपुर रोड निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सतनाम सिंह इस गिरोह के चंगुल में फंस गए जिनसे गिरोह के सदस्यों ने 3,65,000 रुपये ठग लिए। पिछले महीने 21 अक्टूबर को पीड़ित शिक्षक एसएसपी से व्यक्तिगत रूप से मिले और आपबीती सुनायी। एसएसपी ने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि आरोपी नहीं बख्शे जाएंगे। इसके बाद मामले की जांच उधम सिंह नगर के मानव तस्करी निरोधक बल (एएनटीएफ) की प्रभारी जीतो काम्बोज को सौंपी गई। पुलिस ने पहले आरोपों की तस्दीक की। तथ्य सही पाये जाने पर आरोपियों के खिलाफ काशीपुर थाना में केस दर्ज किया गया। आखिरकार पुलिस ने गिरोह के सरगना अजय गुप्ता निवासी वार्ड नंबर–21, रूद्रपुर और महिला सदस्य गौरी वर्मा निवासी वार्ड नंबर–18 पंत कालोनी, किच्छा, उधम सिंह नगर को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार, पीड़ित लोग लोकलाज के डर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से बच रहे थे। अब आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कई पीड़ित सामने आ रहे हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मणिकांत मिश्रा ने बताया कि गिरोह अभी तक एक दर्जन से अधिक लोगों को हनी ट्रैप में फंसा चुका है।

अमित शाह ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर सीधा हमला बोला

दुमका ,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर सीधा हमला बोला। उन्होंने दुमका में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड हाईकोर्ट ने घुसपैठियों की पहचान करने, मतदाता सूची से उनके नाम काटने का आदेश दिया है। अगर हेमंत सोरेन के मन में जरा भी राम बसे हैं, तो वह घोषणा करें कि वह हाईकोर्ट के आदेश का पालन करेंगे।

शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन तो हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गए हैं। वे झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देते हैं। घुसपैठियों में उन्हें अपना वोट बैंक दिखता है। गृह मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन इस मामले में हमसे सवाल पूछते

हैं, पर क्या उन्होंने कभी बांग्लादेश की बॉर्डर देखी है? इस बॉर्डर के लंबे इलाके में जंगल और नदियां हैं, जहां बाड़ नहीं लग पाए। घुसपैठिए इन्ही रास्तों के जरिए गांव में आते हैं। सवाल यह है कि जब घुसपैठिए आते हैं, तो आपके पटवारी और थानेदार को कैसे पता नहीं चलता है? इनके राशन कार्ड कौन बनाता है? इनके नाम मतदाता सूची में कौन जुड़वाता है? वे झारखंड की बेटियों से शादी कैसे कर लेते हैं। यह सब झारखंड की सरकार के दिशा निर्देश पर होता है।

शाह ने हेमंत सोरेन की सरकार पर केंद्र से विकास के लिए भेजी गई राशि लूटने का आरोप लगाया। झारखंड के युवाओं, दलितों, पिछड़ों के लिए भेजा गया पैसा लूटने वाले समझते हैं कि उन्हें कुछ नहीं होगा। ऐसे लोग 23 नवंबर तक खैर मना लें। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही एक–एक पैसा वसूल कर झारखंड की तिजोरी में डाला जाएगा। लूटने वालों की जगह इसके बाद जेल में होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में झारखंड के कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये मिले।

आमजन को शीतलहर से बचाने में जुटी सरकार, जनपदों को आवंटित किए 20 करोड़

लखनऊ, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने ठंड को देखते हुए प्रदेशवासियों को शीतलहर से बचाने के लिए कंबल और अलाव के लिए विभिन्न जिलों को पहली किस्त जारी कर दी है। योगी सरकार ने करीब 20 करोड़ रुपये आवंटित करते हुए निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के लोगों को राहत देने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को वितरित किए जाने वाले कंबलों की गुणवत्ता उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए। साथ ही सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को निराश्रित व्यक्तियों, शरणार्थियों और प्रभावितों के अस्थायी आवास, भोजन, वस्त्र एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। राहत विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को धनराशि आवंटित कर दी है। जिलाधिकारियों द्वारा कंबल और अलाव के लिए टेडर जारी कर दिया गया है।राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के हर कमजोर वर्ग के साथ हमेशा खड़े रहते है। योगी सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं भी चलायी जा रही है। सरकार कमजोर, असहाय वर्ग के लोगों को आपदा से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ठंड की शुरुआत के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शीतलहरी से निपटने के लिए 351 तहसील को कंबल के लिए पहली किस्त के रूप में 17.55 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

सुखबीर बादल ने अकाली दल प्रमुख पद से दिया इस्तीफा

चंडीगढ़ , सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के प्रवक्ता दलजीत सिंह चीमा ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने कहा, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने नए अध्यक्ष के चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आज पार्टी की कार्यसमिति को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने अपने नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करने तथा पूरे कार्यकाल के दौरान पूरे दिल से समर्थन और सहयोग देने के लिए सभी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। चीमा ने कहा कि अकाली दल कार्यसमिति के अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने 18 नवंबर को चंडीगढ़ में पार्टी कार्यसमिति की आपात बैठक बुलाई है। यह समिति सुखबीर बादल के इस्तीफे पर विचार

करेगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी। पार्टी अध्यक्ष, पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों के लिए चुनाव 14 दिसंबर को होना है। पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) प्रमुख सुखबीर बादल को सिखों के हितों को नुकसान पहुंचाने के आरोप में 24 घंटे के भीतर पापी करार दिए जाने के बाद, 31 अगस्त को उन्होंने अकाल तख्त (सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था) के समक्ष उपस्थित होकर पांच सिंह साहिबानों की एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस बैठक में अपनी गलतियों को सुधारने का अवसर देने की अपील की थी।

चार पूर्व कैबिनेट मंत्रियों के साथ सुखबीर बादल आम आदमी की तरह अकाल तख्त के सामने पेश हुए थे और लिखित स्पष्टीकरण भी दिया था। पांच सिंह साहिबानों की बैठक के बाद अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने सुखबीर बादल को तनखिया (धार्मिक कदाचार का दोषी) घोषित किया और उन्हें एक आम सिख की तरह 15 दिनों के भीतर अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होने को कहा था।

दिल्ली की खराब हवा से नैनीताल में पर्यटक उमड़े

नैनीताल। दिल्ली एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश के महानगरों की खराब हवा ने नैनीताल के पर्यटन में बढ़ोतरी कर दी है। जिसके चलते नगर के अधिकांश होटल पैक हो गए। आने वाले दिनों में भी सैलानियों की आमद में बढ़ोतरी की उम्मीद है। दीपावली के एक पखवाड़े के बाद पर्यटकों के उमड़ने से कारोबारी भी उत्साहित हैं। नगर के पर्यटन स्थलों में खासी भीड़ नजर आई। भोटिया व तिब्बती बाजार में खरीदारी करने वाले सैलानी काफी संख्या में नजर आए। स्नोव्यू, चिड़ियाघर, केव गार्डन, हिमालय दर्शन व वाटरफाल में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही रही। मालरोड में बड़ी संख्या में सैलानियों की चहलकदमी रही।

नौका विहार करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। शाम के समय सूर्यास्त

का आनंद उठाने के लिए सैलानी हनुमानगढ़ी पहुंचे हुए थे। इस बीच नगर की यातायात व्यवस्था मामूली व्यवधान रहा। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के बताया कि यूपी समेत दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण के वृद्धि के चलते सैलानी पर्वतीय क्षेत्रों में पहुंचने लगते हैं। उम्मीद है कि अगले कुछ दिन सैलानियों की आमद में वृद्धि रहेगी।

कैचीधाम के लिए भी पहुंच रहे सैलानी

एसोसिएशन के पीआरओ रुचिर साह के अनुसार कैंची धाम के प्रति बढ़ती आस्था के बाद नैनीताल से लेकर कैंची धाम तक पर्यटन कारोबार अब ऑफ सीजन में भी चलने लगा है। यह धार्मिक के साथ ही नैसर्गिक पर्यटन के लिए सुखद संकेत है।

नैनीताल में छंट गई वायु प्रदूषण की छाई धुंध

नैनीताल में वायु प्रदूषण की धुंध शुक्रवार को छंट गई। एरीज के मुताबिक पौल्यूटेड मैटर (पीएम) 2.5 का स्तर 30 पहुंच गया है, जबकि गतबदिवस 60 पार कर गया था। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक व वायुमंडलीय विज्ञानी डा मनीष नाजा ने बताया कि तापमान में गिरावट के कारण क्षेत्र धुंध की परत छा गई थी।

बीजेपी–कांग्रेस की शिकायतों पर चुनाव आयोग सख्त

नई दिल्ली ,महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कांग्रेस और बीजेपी के बीच आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। इन आरोपों के बीच चुनाव आयोग ने शनिवार, 16 नवंबर को दोनों प्रमुख दलों के अध्यक्षों को पत्र लिखकर उनके द्वारा की गई शिकायतों पर टिप्पणी करने को कहा है।

चुनाव आयोग ने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को अलग–अलग पत्र भेजे। आयोग ने दोनों नेताओं से यह सवाल किया कि उनके दलों के बीच हुई शिकायतों पर उनका क्या कहना है। चुनाव आयोग ने इन शिकायतों के संदर्भ में औपचारिक जवाब मांगा है, जो 18 नवंबर, सोमवार को दोपहर 1:00 बजे तक प्रस्तुत किया जाना है।

तीन देशों की यात्रा पर पीएम मोदी

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए, जिसके दौरान वह कई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकों में शामिल होंगे। पीएम मोदी की पांच दिवसीय यात्रा में कई महत्वपूर्ण मील के पत्थर शामिल हैं। यह 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नाइजीरिया की पहली यात्रा है। इसी के साथ पीएम मोदी 50 वर्षों में गुयाना की यात्रा पर जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री है। प्रधानमंत्री मोदी अगले सप्ताह ब्राजील में जी–20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे और तीनों देशों में भारतीय प्रवासियों से बातचीत करेंगे। यात्रा के पहले चरण में, प्रधानमंत्री मोदी नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर नाइजीरिया में दो दिन बिताएंगे। भारत और नाइजीरिया 2007 से ही रणनीतिक साझेदार

हैं, जिनके बीच आर्थिक, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग है। 200 से अधिक भारतीय कंपनियों ने नाइजीरिया में प्रमुख उद्योगों में 27 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है। इसके बाद प्रधानमंत्री 18 नवंबर को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा आयोजित 19वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डी जेनेरियो की यात्रा करेंगे।

विवाद को आगे न बढ़ाया जाए

अवधेश कुमार

आशा की जानी चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से संबंधित सवोच्च न्यायालय का आगामी आदेश अंतिम होगा। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान जैसी टिप्पणियां की एवं याचिकाकर्ता से तीखे प्रश्न किया उनसे अनुमान लगाया जा सकता है कि फैसला क्या होगा। पिछले महीने ही सवोच्च अदालत ने ईवीएम से संबंधित दो याचिकाएं खारिज की थी। न्यायालय ने एक याचिकाकर्ता पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया था। वस्तुतः शीर्ष अदालत ईवीएम से जुड़ी 40 याचिकाएं अभी तक खारिज कर चुका है।सामान्यतः यह बात समझ में नहीं आती कि चुनाव आयोग के साथ विसनीय विशेषज्ञ द्वारा बार–बार स्पष्ट करने के बावजूद की ईवीएम से न छेड़छाड़ हो सकती है न ही इसे हैक किया जा सकता है; इसके द्वारा चुनाव न कराने का अभियान क्यों लगातार जारी है? सवोच्च अदालत में भी इस पर बहस हो चुकी हैं, फैसले आ चुके हैं। उच्च न्यायालयों ने दो दर्जन से ज्यादा इस पर फैसले दिए हैं। सभी में न्यायालय ने चुनाव आयोग के इस दावे को स्वीकार किया है कि ईवीएम से मतदान कराया जाना सुरक्षित और विसनीय है। तो फिर ऐसा क्यों हो रहा है? यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं कि ईवीएम एवं भारतीय राजनीति की विडंबनाओं का शिकार हो चुका है। इसी ईवीएम से जब राज्यों में विपक्ष जीतता है या 2004 एवं 2009 में यूपीए की सरकार गठन में इसका योगदान होता है तो वर्तमान विरोधी प्रश्न नहीं उठाते। हालांकि भाजपा की ओर से भी एक समय ईवीएम को इस अविसनीय बनाने की कोशिश हुई थी किंतु बाद में उसने इस अध्याय को पूरी तरह बंद कर दिया।

ऐसा लगता है जैसे भारत के संपूर्ण लोकतंत्र और व्यवस्था को ही आम लोगों से लेकर संपूर्ण विश्व की दृष्टि में संदिग्ध, अविसनीय और साखविहीन साबित कर देने का सोचा समझा अभियान चल रहा हो। कल्पना करिए, अगर भारत सहित दुनिया भर में लोगों के एक बड़े समूह के अंदर यह बात बिठा दिया जाए कि भारत के सत्तारूढ़ पार्टी और गठबंधन ईवीएम में छेड़छाड़ कर चुनाव जीतता है जबकि उसे जनता वोट नहीं देती तो हमारी क्या छवि बनेगी? भारत का संसदीय लोकतंत्र, यहां का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव विश्व के लिए एक बड़ा उदाहरण है। विश्व भर के टिप्पणीकार , विश्लेषक, राजनेता बताते हैं कि भारत जैसे विविधताओं वाले देश में इतने भारी मतदाताओं का मतदान संपन्न कराकर लोकतंत्र का चक्रबनाए रखना अद्भुत सफलता है। यही सच भी है। अनेक देशों ने हमारे चुनाव आयोग और एवं का सहयोग लेकर अपने यहां भी चुनाव संपन्न कराए हैं, लेकिन हमारे यहां के राजनीतिक दल, उनसे जुड़े वकील, कुछ एक्टिविस्ट, एकेडमिशियन, एक्टिविस्ट वकीलों का एक बड़ा वर्ग ईवीएम के विरुद्ध किसी न किसी तरह न्यायालय का उपयोग करते हुए या अन्य माध्यमों से अपना अभियान चलाते रहते हैं। हमने देखा कि 2019 के चुनाव के पहले लंदन से लेकर अमेरिका जैसे देशों में भारत के ईवीएम को लेकर डेमो हो रहा है, बयान दिए जा रहे हैं।यह बात अलग है कि चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को जब भी चुनौती दी कि आइए हमारे समक्ष एवं से छेड़छाड़ साबित करिए तो कोई नहीं गया। जिस आम आदमी पार्टी के नेता पत्रकार वार्ता में एक नकली ईवीएम लेकर इसमें छेड़छाड़ साबित कर रहे थे वह भी चुनाव आयोग तक नहीं पहुंचे। साफ है कि इसके संबंध में जो भी आशंकाएं उठाई गई? वो निराधार हैं। वर्तमान मामले में ही अलग–अलग तरह के तर्क दिए गए। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से प्रस्तुत याचिका में वकील प्रशांत भूषण ने एक प्रस्तुति भी दी जिसमें साबित किया गया कि ईवीएम विसनीय प्रणाली नहीं है और हमें मत पत्रों से चुनाव की ओर लौटना चाहिए। उन्होंने यह भी विकल्प दिया कि अगर ईवीएम से करना ही है तो वीवीपैट की बनावट ऐसी हो कि उसमें से हर मतदाता को उनके वोट की पर्ची मिल जाए। जब उन्होंने पश्चिम जर्मनी का उदाहरण दिया तो उच्चतम न्यायालय ने पूछा कि वहां की आबादी कितनी है। सच है कि 7–8करोड़ आबादी वाले देश का उदाहरण 98 करोड़ से ज्यादा मतदाता वाले देश के संदर्भ में देना स्वीकार नहीं हो सकता। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि मत पत्रों से मतदान के दौरान क्या होता था यह हमें याद है और बताने की आवश्यकता नहीं। इसी तरह न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि समस्या मशीन में नहीं है समस्या मानवीय व्यवस्था में होती है।समस्या यह है कि राजनीतिक दल अपना जनाधार खोने और जनता द्वारा समर्थन न मिलने के कारणों को समझने की बजाय यह मन कर चल रहे हैं कि भाजपा ने चुनाव आयोग को नियंत्रण में ले लिया है और उसके माध्यम से ईवीएम में छेड़छाड़ कर कर चुनाव जीत रही है। आप देखेंगे कि भारत में भाजपा विरोधियों द्वारा शासन के हर अंग पर सवाल उठाए जा रहे हैं और बड़े–बड़े नेता सरेआम चुनाव आयोग ही नहीं न्यायालय और प्रशासन को कठघरे में खड़ा करने की सीमा तक चले जाते हैं। यह पूरी व्यवस्था और संपूर्ण तंत्र को संदेहास्पद बनाने का डरावना व्यवहार है। ईवीएम विरोधी अभियान को भी इसी दुखद और चिंताजनक प्रवृत्ति का अंग माना जा सकता है। हालांकि 2014 का चुनाव यूपीए सरकार के कार्यकाल में ही हुआ था। उस समय नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और भाजपा पार्टी के रूप में न इतनी प्रभावी थी और न ऐसी हैसियत रखती थी जितनी आज है। उसके पहले 2013 में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी उसे व्यापक सफलता मिली थी। अच्छा हो कि उच्चतम न्यायालय इस पर अंतिम फैसला और मत दे दे ताकि अब इस विवाद को आगे न बढ़ाया जाए।

समस्या यह है कि हमारे देश के एक्टिविस्टों का एक समूह तथा कुछ राजनीतिक दल व नेता अपने आचरण पर पुनर्विचार नहीं कर सकते। वह यही संदेश देते रहेंगे कि हमारी राजनीति ठीक है, लोगों का समर्थन भी है, लेकिन ईवीएम से हम नहीं जीत सकते। ये लोग ईवीएम को कठघरे में करता खड़ा करते रहेंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण और लोगों के अंदर हमारी चुनाव प्रणाली को लेकर अत्यंत ही नकारात्मक मानसिकता पैदा करने का अभियान है, लेकिन हमारे आपके पास कोई चारा नहीं है।

अमेरिका के साथ भारत के संबंध अब भी अच्छे

एस. सुनील

ट्रंप का एक और भाषण जो भारत में बहुत प्रसारित हुआ उसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाया। ट्रंप ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है वह बर्बर है। दुनिया का कोई नेता, जब बांग्लादेश में प्रताड़ित हो रहे हिंदओं के पक्ष में खड़ा नहीं हुआ तो ट्रंप हुए। क्या यह कोई मामूली बात है? क्या इस पर भारत के लोगों को खुशी नहीं मनानी चाहिए?

डोनाल्ड ट्रंप लौट आए हैं। अमेरिका के इतिहास में 131 साल में वे पहले राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने कमबैक किया है। चार साल राष्ट्रपति रहने और फिर बेहद कड़वाहट भरे चुनाव में हार कर सत्ता से बाहर होने के बाद वापसी करके ट्रंप ने दिखाया है कि वे एक योद्धा हैं। उनके ऊपर महाभियोग चला। कई मुकदमे हुए। मुकदमे में सजा हुई। चुनाव प्रचार के दौरान उनके ऊपर गोली चली। लेकिन वे मैदान में डटे रहे और चुनाव जीता। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नतीजों के 24 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद जब बधाई दी तो उनके साहस और योद्धा वाली भावना की तारीफ की और कहा कि वे ट्रंप के साथ यूक्रेन युद्ध पर बात करने के लिए तैयार हैं। ध्यान रखने की जरुरत है कि ट्रंप ने चुनाव प्रचार में कहा था कि वे राष्ट्रपति बनने के बाद एक घंटे में यूक्रेन का युद्ध रूकवा देंगे। ट्रंप की जीत के बाद पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलदोमीर जेलेंस्की दोनों उम्मीद कर रहे हैं कि वे युद्ध खत्म कराएंगे। अगर ऐसा होता है तो सोचिए यह दुनिया के लिए कितनी राहत की बात होगी!

दुनिया का हर देश ट्रंप के लौटने को अपने हिसाब से देख रहा है और उस पर प्रतिक्रिया दे रहा है। यूरोप के देशों खास कर फ्रांस और जर्मनी की प्रतिक्रिया सधी हुई लेकिन आशंका वाली थी। ट्रंप के आने के बाद इमैनुएल मैक्रों और ओलाफ शुल्ज दोनों यूरोपीय संघ की एकजुटता की बात कर रहे हैं। ब्रिटेन की प्रतिक्रिया सामान्य थी लेकिन सबको पता है कि लेबर प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कोई बड़े प्रशंसक नहीं हैं। चीन के राष्ट्रपति ने तो उनको जीत पर निजी तौर पर बधाई ही नहीं दी। कुल मिला कर दुनिया के दो देश ऐसे हैं, भारत और इजराइल, जिनकी प्रतिक्रिया वास्तविक अर्थों में ट्रंप की जीत पर खुशी और संतोष वाली थी। इसी खुशी और संतोष के अंदाज में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'अपने दोस्त डोनाल्ड ट्रंप' को बधाई दी। नतीजों के तुरंत बाद उन्होंने बधाई दी और उसके थोड़ी देर बाद दोनों की बातचीत भी हुई, जिसकी जानकारी खुद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी।

आश्चर्य नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर आम भारतीय नागरिकों ने भी खुशी मनाई। भारत के लोगों ने उनके भाषणों के वीडियो शेयर किए। उनके दो भाषण सबसे ज्यादा शेयर किए गए। अपने एक भाषण में ट्रंप ने कहा कि, 'मैं हिंदुओं का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं भारत का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। अगर मैं चुनाव जीता तो हिंदुओं का, भारतीयों का एक सच्चा दोस्त व्हाइट हाउस में होगा'। उन्होंने आगे कहा, 'भारतीय हिंदुओं की कई पीढियों ने हमारे देश अमेरिका को मजबूत बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है'।

अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव के 256 साल के इतिहास में किसी राष्ट्रपति ने भारत और हिंदुओं के बारे में इतनी सकारात्मक, सार्थक और अच्छी बातें नहीं कही हैं। ट्रंप का एक और भाषण जो भारत में बहुत प्रसारित हुआ उसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाया। ट्रंप ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है वह बर्बर है। दुनिया का कोई नेता, जब बांग्लादेश में प्रताड़ित हो रहे हिंदओं के पक्ष में खड़ा नहीं हुआ तो ट्रंप हुए। क्या यह कोई मामूली बात है? क्या इस पर भारत के लोगों को खुशी नहीं मनानी चाहिए?

ट्रंप की जीत पर भारतीयों के खुशी मनाने के एक नहीं कई कारण हैं। एक

कारण तो यह है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके निजी संबंध बहुत अच्छे हैं। वे हमेशा प्रधानमंत्री की तारीफ करते रहे हैं और कई मौकों पर कहा है कि भारत के हितों की रक्षा के लिए श्री नरेंद्र मोदी कुछ भी कर सकते हैं। दोनों नेताओं के निजी संबंधों की केमिस्ट्री कैसी है यह टेक्सास के ह्यूस्टन में हुए 'हाउडी मोदी' और अहमदाबाद में हुए 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम में दिखा। एक कार्यक्रम में अमेरिका में मोदी, मोदी के नारे लगे थे तो दूसरे में भारत में ट्रंप, ट्रंप के नारे लगे थे। दुनिया के दो सबसे बड़े और जीवंत लोकतांत्रिक देशों के नेताओं के हित एकाकार हो गए दिखते हैं। ट्रंप की जीत और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके प्रगाढ़ संबंधों से इस बात की गारंटी है कि अब दुनिया में कहीं भी भारत के और हिंदुओं के हितों को नुकसान पहुंचाने वालों की खैर नहीं होगी।

दुनिया जानती है कि आतंकवाद से सबसे ज्यादा पीड़ित देश भारत है। भारत का एक पड़ोसी देश दशकों से छद्म युद्ध छेड़े हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा और मजबूत होती आर्थिकी से परेशान अनेक वैश्विक ताकतें भारत विरोधी गतिविधियों में जुट गई हैं। अमेरिका से लेकर ब्रिटेन और कनाडा तक की सरजमीं से भारत विरोधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। भारत के टुकड़े टुकड़े करने की इच्छा रखने वालों को मदद दी जा रही है। अलगाववादियों को शरण मिल रही है। डोनाल्ड ट्रंप की आतंकवाद पर सख्त नीति से ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगेगी। कनाडा और अमेरिका में बैठ कर भारत के खिलाफ अभियान चलाने वाली ताकतें कमजोर होंगी। अलगाववादियों के प्रत्यर्पण का रास्ता भी साफ होगा। अमेरिका से हाल के दिनों में जो तनाव बना था उसमें कमी आएगी।

अमेरिका के बाद कनाडा में सत्ता परिवर्तन की बारी है। डोनाल्ड ट्रंप के सबसे मुखर समर्थक और दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति इलॉन मस्क ने कहा है कि अगले चुनाव में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो हारेंगे। गौरतलब है कि मस्क ने ट्रंप के समर्थन में अपना सब कुछ दांव पर लगाया था। दुनिया के किसी कारोबारी ने कभी भी राजनीति में जो नहीं किया होगा वह मस्क ने किया। उन्होंने ट्रंप के प्रचार में करोड़ों डॉलर खर्च किए। मस्क ने ही अर्ली वोटिंग में हर दिन एक मतदाता को 10 लाख डॉलर देने का ऐलान करके ट्रंप का माहौल बनाया। तभी पांच नवंबर को हुए मतदान से पहले ही अर्ली वोटिंग में आठ करोड़ से ज्यादा वोट पड़े और ट्रंप के जीतने का आधार पहले ही बन गया था। अभिव्यक्ति की आजादी, निर्बाध व्यापार की स्वतंत्रता, लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्धता और आतंकवाद विरोध के विचार में मस्क ने ट्रंप का साथ दिया। इसी सोच में वे कनाडा में ट्रूडो सरकार की विदाई का बंदोबस्त भी करेंगे। सोचिए यह भारत के लिए कितनी सुखद बात होगी कि अपनी मूर्खता और स्वार्थ से भरी राजनीति में भारत और कनाडा के संबंधों को तहस नहस करने वाले जस्टिन ट्रूडो विदा होंगे।

डोनाल्ड ट्रंप ने हमेशा पाकिस्तान को एक मवाली मुल्क माना है। उन्होंने राष्ट्रपति रहते उसकी मदद रोक दी थी। जो बाइडेन के शासन में फिर से पाकिस्तान को मदद मिलनी शुरू हुई है। लेकिन अब इस बात की पूरी संभावना है कि डोनाल्ड ट्रंप के राज में पाकिस्तान फिर अलग थलग होगा। उसे अमेरिका से कोई मदद नहीं मिलेगी। इतना ही विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ जैसी संस्थाओं से भी पाकिस्तान को जो मदद मिल रही है वह बंद होगी। यह सामान्य सामरिक समझ की बात है कि अगर पाकिस्तान को मिलने वाली आर्थिक मदद बंद होती है तो उसके यहां फल फूल रहे आतंकवाद के नेटवर्क की कमर टूटेगी, जिसका सबसे बड़ा फायदा भारत को होगा। इससे भारत के खिलाफ चल रहा छद्म युद्ध कमजोर पड़ेगा। इसी तरह राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप पहले कार्यकाल की तरह इजराइल और अरब के देशों के बीच संबंधों को सामान्य करने का प्रयास करेंगे। अगर अमेरिका, इजराइल और अरब देशों के संबंध सामान्य होते हैं तो यह भारत के लिए सामरिक और आर्थिक दोनों नजरिए से अच्छा होगा।

रूस और चीन के साथ ट्रंप के संबंध उलझे हुए हैं। परंतु इस उलझाव के बावजूद वे जो भी नीति अख्तियार करेंगे उससे भारत को फायदा ही होगा। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने जिस तरह से ट्रंप के प्रति रुख दिखाया है उससे लगता है कि रूस और अमेरिका के संबंधों में भी सामान्यीकरण की शुरुआत होगी। बाइडेन प्रशासन में दोनों के संबंध तनाव वाले रहे। तभी भारत के लिए भी अपने पुराने और आजमाए हुए दोस्त रूस के साथ कारोबारी या सामरिक संबंधों में मुश्किलें आईं। पिछले ही दिनों खबर आई कि अमेरिका ने भारत की 19 कंपनियों को इसलिए काली सूची में डाल दिया क्योंकि वे रूस के साथ कारोबार कर रही थीं। ट्रंप के कार्यकाल में इस तरह की घटनाएं नहीं होंगी। इससे रूस के साथ भारत के आर्थिक और रक्षा संबंध मजबूत होंगे। इसी तरह ट्रंप कह चुके हैं कि वे चीनी उत्पादों पर दो सौ फीसदी आयात शुल्क लगाएंगे। चीन जो दुनिया की फैक्टरी बना हुआ है, उसका यह स्टैटस ट्रंप खत्म करना चाहेंगे और ऐसे में उनकी व दुनिया की पहली पसंद भारत होगा। अगर चीन से व्यापार में कमी आती है तो भारत के साथ व्यापार बढ़ सकता है। भारत में सेमी कंडक्टर सहित दूसरे उत्पादों के निर्माण की नई इकाइयों के लिए भी रास्ता बनेगा।

अगर सामरिक मामले की बात करें तो अमेरिका के साथ भारत के संबंध अब भी अच्छे हैं। हाल ही में भारत ने अमेरिका से 32 हजार करोड़ रुपए की हथियार खरीद का समझौता किया है। भारत 31 प्रिडेटर ड्रोन खरीद रहा है। परंतु ट्रंप के शासन में भारत को अमेरिका का विशेष लड़ाकू विमान एफ 35 भी मिल सकता है। राफेल के बाद अगर एफ 35 लड़ाकू विमान भारत को मिलता है तो भारत की वायु प्रतिरक्षा ताकत कितनी बढ़ जाएगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। क्वाड से लेकर फाइव आइज देशों के साथ भारत के संबंध बेहतर होंगे और इन देशों के साथ खुफिया सूचनाओं की साझेदारी भी बढ़ेगी। सो, हिंदू हितों की बात हो या भारत की आर्थिक, सामरिक या कूटनीतिक ताकत का मामला हो, ट्रंप हर मोर्चे पर भारत के सच्चे मित्र साबित होंगे।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता दवा निर्माण क्षेत्र

डॉ अश्विनी

लंबे समय से चीन पर निर्भर भारत के फार्मा क्षेत्र को अब कुछ राहत मिलने लगी है, जिसका कारण है आत्मनिर्भर भारत अभियान। वर्ष 2000 तक भारत का दवा निर्माण क्षेत्र लगभग पूरी तरह आत्मनिर्भर था। दवा निर्माण में जो आवश्यक सामग्री इस्तेमाल होती है, उसे एक्टिव फार्मास्यूटिक्ल इंग्रीडिएंट्स (एपीआइ) कहा जाता है। वर्ष 2000 तक अधिकांश एपीआइ भारत में ही निर्मित होते थे और निर्माताओं में आवश्यक प्रतिस्पर्धा भी थी। इस कारण दवा उद्योग न केवल तेजी से आगे बढ़ रहा था, बल्कि दुनिया को उचित कीमत पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने में भी समर्थ था।चीन ने एक षडयंत्र के तहत भारत के एपीआइ क्षेत्र को तबाह करना शुरू किया। वहां से एपीआइ अत्यंत कम कीमतों पर भारत भेजा जाने लगा। इससे भारत का एपीआइ उद्योग प्रतिस्पर्धी नहीं रहा और हमारी इकाइयां धीरे–धीरे बंद होने लगीं। उदाहरण के लिए, एमोक्सीसाइक्लीन नामक एंटीबायोटिक पेनीसिलिन–जी से व्युत्पन्न उत्पाद है। पेनीसिलिन–जी नामक एपीआइ भारत में पर्याप्त मात्रा में बनती थी और उसका अंतरराष्ट्रीय मूल्य लगभग 22 डॉलर प्रति किलोग्राम था। लेकिन चीन ने इसकी डंपिंग नौ डॉलर से भी कम पर करनी शुरू कर दी। उसके बाद चीन इस एपीआइ को पहले दो गुना और फिर चार गुना कीमत पर बेचने लगा।विकल्प के अभाव में भारतीय कंपनियों को यह चीन द्वारा निर्धारित कीमत पर खरीदना जरूरी हो गया। लगभग यही स्थिति अन्य एपीआइ की भी रही। कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि कोरोना काल में देखी गयी और समझ आना शुरू हुआ कि देश में एपीआइ उद्योग की पुर्नस्थापना केवल दवा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता या दवाओं के दाम कम करने के लिए ही नहीं, स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। चीन भारत के साथ शत्रुतापूर्ण व्यवहार रखता है, सो दवा के लिए आवश्यक सामग्री हेतु चीन पर निर्भर नहीं रहा जा सकता।मई 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन सभी वस्तुओं, जिनका उत्पादन चीन और अन्य देशों द्वारा डंपिंग के कारण बाधित हो गया था, के उद्योगों को पुनर्जीवित करने और विदेशों पर निर्भरता समाप्त करने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरुआत की। प्रारंभिक तौर पर जिन वस्तुओं की 13 श्रेणियों को चिह्नित किया गया, उनमें एपीआइ भी शामिल थे। एपीआइ क्षेत्र के लिए उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना में 41 उत्पाद शामिल किये गये, जिनमें मधुमेह, तपेदिक, स्टेरॉयड और एंटीबायोटिक के लिए दवाओं पर विशेष आग्रह रखा गया। इसके लिए 20,000 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गयी। हर्ष का विषय है कि यह योजना अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगी है और देश दवा उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है।उदाहरण के लिए, पेनिसिलिन–जी, जिसका भारत में उत्पादन बंद हो गया था, अब उसके उत्पादन हेतु अनेक कंपनियों ने इकाइयां शुरू कर दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया का कहना है कि पीएलआइ योजना और अन्य प्रयासों के कारण आज भारत अधिकांश एपीआइ में आत्मनिर्भर हो चुका है, जिसके कारण चीन पर निर्भरता कम हुई है। सितंबर 2023 तक पीएलआइ स्कीम के तहत कंपनियों को 4,000 करोड़ रुपये और मेडिकल उपकरणों के लिए 2,000 करोड़ रुपये के निवेश की अनुमति दी जा चुकी थी। केंद्र सरकार ने 3,000 करोड़ रुपये की लागत से तीन थोक ड्रग पार्कों का निर्माण भी किया है।जैसे–जैसे एपीआइ के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के सुपरिणाम आने लगे हैं, वैसे–वैसे एपीआइ की कीमतें भी घटने लगी हैं। जानकार बता रहे हैं कि एपीआइ की कीमतों में कोविड के समय से अभी तक 50 प्रतिशत की कमी आयी है। इकोनॉमिक टाइम्स की एक खबर के अनुसार, बुखार की दवा पारासिटामोल के एपीआइ की कीमत, जो कोविड काल में 900 रुपये प्रति किलो पहुंच गयी थी, वह घटकर अब मात्र 250 रुपये प्रति किलो रह गयी है। इसी प्रकार अस्थमा की दवा मॉनटैलूकास्ट सोडियम की कीमत 45,000 रुपये प्रति किलो से घटकर मात्र 28,000 रुपये प्रति किलो रह गयी है।जानकारों का मानना है कि भारत में एपीआइ उत्पादन में उठाव के चलते चीन का दवा (एपीआइ और मध्यवर्ती उत्पाद समेत) कार्टेल पिछले छह महीने में टूट चुका है।

प्राइम वीडियो पर 22 नवंबर को होगा वैक गर्ल्स वर्ल्डवाइड प्रीमियर, हुआ ऐलान

भारत में दर्शकों के मनोरंजन के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो ने आज अपनी ओरिजिनल ड्रामा सीरीज़ ह्यवैक गर्ल्सह्न के प्रीमियर की तारीख की घोषणा की है. पद्मश्री पुरस्कार विजेता सूनी तारापोरेवाला ने इस सीरीज़ का निर्माण एवं निर्देशन किया है जिसे सूनी, इयाना बातिवाला और रॉनी सेन ने साथ मिलकर लिखा है. इस सीरीज़ को मैटर एंटरटेनमेंट, चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट और जिगरी दोस्त प्रोडक्शंस के बैनर तले केलब फ्रैंकलिन, विकेश भूटानी और सूनी तारापोरवाला ने प्रोड्यूस किया है.

कॉमेडी, ड्रामा, डांस और म्यूजिक से भरपूर इस सीरीज़ में मेखोला बोस, अनसुआ चौधरी, रिताशा राठौर, क्रिसन पेरेरा, प्रियम साहा, रूबी साह, अचिंत्य बोस जैसे बेहद

होनहार और उभरते कलाकारों के साथ–साथ बरुन चंदा, लिलेट दुबे और स्वर्गीय नितेश पांडे जैसे दिग्गज कलाकारों ने अहम किरदार निभाए हैं. 9 एपिसोड वाली ये ड्रामा सीरीज़ भारत के साथ–साथ दुनिया भर के 240 से अधिक देशों एवं क्षेत्रों में 22 नवंबर को सिर्फ प्राइम वीडियो पर हिंदी में प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसे तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी डब किया गया है. चहल–पहल भरे कोलकाता की पृष्ठभूमि पर आधारित इस सीरीज में बेबाक अंदाज़ वाली 6 युवतियों की कहानी दिखाई गई है, जो ऐसे शहर और देश में अपना एक डांस ग्रुप बनाती हैं, जहां उनकी पसंद के इस डांस स्टाइल, यानी वैकिंग के बारे में लोग बहुत कम जानते हैं.

ये लड़कियां साथ मिलकर वैक गर्ल्स नाम से एक डांस ग्रुप बनाती हैं और सुर्खियों में छा जाती हैं. वैकिंग की जानकार और ग्रुप की कोरियोग्राफर, इशानी (मेखोला बोस द्वारा निभाया गया किरदार) इस ग्रुप की लीडर हैं, जबकि उत्साह से भरी और निडर स्वभाव की लोपा (रिताशा राठौर द्वारा निभाया गया किरदार) इस ग्रुप की मैनेजर हैं.

मेगा ऑक्शन में 14 साल के खिलाड़ी की एंट्री, वैभव सूर्यवंशी उम्र में मचा चुका है तहलका

नईदिल्ली, आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन के लिए खिलाड़ियों की फाइनल लिस्ट जारी हो गई है. इसमें सबसे उम्र के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी हैं. वे महज 14 साल के हैं. वैभव बहुत ही कम उम्र में नाम कमा रहे हैं. उन्होंने 5 साल की उम्र से क्रिकेट की शुरुआत कर दी थी. वैभव का नाम आईपीएल मेगा ऑक्शन के फाइनल खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल किया गया है. वे 30 लाख रुपए के बेस प्राइस के साथ ऑक्शन लिस्ट में शामिल हुए हैं. वैभव अभी तक कई घरेलू टूर्नामेंट्स में खेल चुके हैं. वे रणजी ट्रॉफी, कूच बिहार ट्रॉफी और वीनू मांकड़ ट्रॉफी में हिस्सा ले चुके हैं. इसके साथ–साथ भारत की अंडर–19 टीमके लिए भी चुना गया था. दिलचस्प बात यह भी है कि वैभव सूर्यवंशी बैटिंग के साथ–साथ बॉलिंग में भी माहिर हैं. वेलेफ्ट आर्म ऑर्थोडॉक्स बॉलर हैं. बीसीसीआई ने मेगा ऑक्शन के लिए 81 खिलाड़ियों को 2 करोड़ रुपए के बेस प्राइस के साथ फाइनल लिस्ट में जोड़ा है. इसमें श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत का नाम शामिल है. आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन का आयोजन 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होना है.

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए ओबेड मैककॉय वेस्टइंडीज टीम में शामिल

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), 16 नवंबर । वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के बाकी बचे मैचों के लिए मैथ्यू फोर्ड की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेड मैकॉय को टीम में शामिल किया है। फोर्ड को तीसरे टी20 मैच से पहले ट्रेनिंग के दौरान जांघ में खिंचाव आ गया था।

दौरे के वनडे चरण में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए फोर्ड को बुधवार को डैरेन सैमी क्रिकेट स्टेडियम में प्रशिक्षण के दौरान बाएं जांघ में चोट लग गई। 22 वर्षीय फोर्ड की मेडिकल टीम द्वारा निगरानी जारी रहेगी, क्योंकि वह पूरी तरह से ठीक होने की कोशिश कर रहे हैं। फोर्ड को शुरू में निलंबित अल्जारी जोसेफ के कवर के रूप में लाया गया था और वह बारबाडोस में श्रृंखला के दूसरे



मैच में खेले थे। हालांकि, सेंट लूसिया में खेल के लिए उन्हें जोसेफ की जगह प्लेइंग–11 में शामिल किया गया, जहां वेस्टइंडीज को 0–3 से पिछड़ने के बाद श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा था।

मैककॉय कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के दौरान लगी चोट के कारण शुरू में अनुपलब्ध थे। वह अब खेलने के लिए वापस आ गए हैं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने वेस्टइंडीज के लिए 38 टी20 में 49 विकेट लिए हैं। वेस्टइंडीज के लिए उनका आखिरी प्रदर्शन अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी घरेलू श्रृंखला में था।

इंग्लैंड ने गुरुवार को डेरेन सैमी स्टेडियम में जीत के साथ 2019 के बाद से कैरेबियाई सरजमीं पर किसी भी प्रारूप में अपनी पहली सीरीज जीत हासिल की। सीरीज के अंतिम दो मैच हफ्ते के आखिरी में इसी मैदान पर खेले जाने हैं।

हॉलीवुड में पदार्पण करने पूरी तरह तैयार हैं सौंदर्या शर्मा

अभिनेत्री सौंदर्या शर्मा जॉन विक श्रृंखला के निर्देशक चैड स्टेल्स्की के साथ हॉलीवुड में पदार्पण करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाउसफुल 5 की अभिनेत्री बेहद रोमांचित हैं। अपने बड़े डेब्यू के बारे में बात करते हुए सौंदर्या ने कहा, मैं बेहद रोमांचित हूं। मैं बस इतना कह सकती हूं कि सपने देखते रहो, सपने सच होते हैं। 2024 बेहद खास है – इसकी शुरुआत हाउसफुल 5 से हुई, जिसका सारा श्रेय एनजीई और मेरी गॉडसिस्टर वर्दा नाडियाडवाला को जाता है और अब मैं हॉलीवुड में अपना रास्ता बनाने की कोशिश कर रही हूं, जिसका मुझे वाकई बेसब्री से इंतजार है। मैंने इसी प्रोजेक्ट के लिए लगभग एक साल पहले कुछ सीक्वेंस शूट किए थे, लेकिन मैं इसके पूरा होने तक ज्यादा बात नहीं करना चाहती क्योंकि मैं इसे लेकर अंधविश्वासी हूं।

उन्होंने कहा, मैं जनवरी में लॉस एंजिल्स और फ्रांस में अपना आखिरी शेड्यूल पूरा करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैंने इस साल अपने हाउसफुल 5 शेड्यूल से पहले इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की है। एनडीए के कारण, मैं इस परियोजना के बारे में और अधिक जानकारी साझा नहीं कर सकती, लेकिन मैं जल्द ही आदर्श समयसीमा के अनुसार इसे साझा करूंगी।

बिग बॉस 16 की पूर्व प्रतियोगी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर निर्देशक चैड स्टेल्स्की के साथ तस्वीरें भी साझा कीं, कैप्शन में लिखा, आखिरकार, मुझे ये पोस्ट करने को मिला!!! जैसा कि वे कहते हैं, सपने देखो, सपने सच होते हैं। अभिव्यक्तियाँ काम करती हैं!

पीएसः जनवरी में कुछ रोमांचक के लिए लॉस एंजिल्स में वापस जाने का इंतजार नहीं कर सकती। भगवान दयालु हैं! हॉलीवुड बुला रहा है।

अमेरिकी स्टंटमैन और फिल्म निर्माता स्टेल्स्की को एटॉमिक ब्लोंड और क

एक नजर

फुटबाल के फाइनल मैच में कोट ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : कंडोलिया मैदान में चल रहे जिला स्तरीय खेल महाकुंभ में शनिवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंडर -17 फुटबाल के फाइनल मुकाबले में कोट ने दुगड्डा को 2-1 से पराजित किया। शनिवार को कंडोलिया मैदान में आयोजित प्रतियोगिता के तहत फुटबाल मैच में कोट ने पौड़ी को 2-0 हराया।

वहीं, दूसरे मुकाबले में दुगड्डा ने पौड़ी को 2-0 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में कोट ने दुगड्डा को 2-1 से हराकर जीत हासिल की। तीसरे स्थान के लिए पौड़ी व निसणी के बीच खेले गए मुकाबले में निसणी ने पौड़ी को 1-0 से हराया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार फोनिया, भगवान गुसांई, नरेश रावत, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

आज होगा सामूहिक कन्या विवाह

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भारत विकास परिषद की ओर से आज 17 नवम्बर को आर्थिक रूप से कमजोर 4 कन्याओ का सामूहिक सरल कन्या विवाह समारोह आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक कैलाश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि विवाह समारोह तड़ियाल चौक स्थित एक बारातघर में आयोजित होगा।

रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया वरिष्ठ अभिभावक दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में वरिष्ठ अभिभावक दिवस रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस दौरान सभी वरिष्ठ अभिभावकों का छात्राओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ अभिभावकों के लिए कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने अपने बचपन के दिन याद करते हुए इन खेलों में बहुत उत्साह पूर्वक भाग लिया। विजेताओं को सम्मानित किया किया गया।

शनिवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने स्वागत नृत्य के माध्यम से अभिभावकों का स्वागत किया। स्कूल के कार्यवाहक प्राचार्य संजय कुमार, शिक्षक मनोज कुमार गौड़ ने वरिष्ठ अभिभावकों की महत्वता और किस प्रकार वे बच्चों के लिए प्रेम, वात्सल्य और स्नेह का प्रतीक होते हैं विषय पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी वरिष्ठ अभिभावकों ने अपने नाती पोतों के साथ एक शानदार नृत्य प्रस्तुत किया और कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर शिक्षिका कृष्णा, मोनिका जोशी, नीलम बिष्ट, नरेंद्र सिंह बिष्ट, वीएस नेगी, शिवानी शर्मा आदि मौजूद रहे।

खाई में गिरी कार, पति-पत्नी घायल

श्रीनगर गढ़वाल : बदरीनाथ राजमार्ग डूंगरीपंथ कालीगढ़ पुल के पास शनिवार सुबह एक कार के खाई में गिरने से पति-पत्नी घायल हो गये। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम और पुलिस के द्वारा दोनों घायलों का रेस्क्यू कर बेस चिकित्सालय श्रीकोट भिजवाया गया। एसडीआरएफ प्रभारी श्रीनगर मंजरी नेगी ने बताया कि शनिवार सुबह डूंगरीपंथ के पास एक कार के खाई में गिरने की सूचना पर दो लोगों का रेस्क्यू किया गया। जिन्हें 108 के माध्यम से बेस अस्पताल भिजवाया गया। बताया कि श्वेता पत्नी गजेंद्र कुमार उम्र 32 को हल्की चोटें आई हैं, जिनकी हालत ठीक है। जबकि गजेंद्र सिंह पुत्र राम अवधेश निवासी वाराणसी का इलाज जारी है। बताया कि दोनों घायल बदरीनाथ जा रहे थे। (एजेंसी)

गांधी चौक में फहराया 54 फीट ऊंचा तिरंगा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : छावनी परिषद के अध्यक्ष ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी की पहल पर सार्वजनिक स्थल गांधी चौक पर 54 फीट ऊंचे पोल पर छावनी परिषद की ओर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। छावनी परिषद के अध्यक्ष ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी की पहल पर एक निजी कंपनी द्वारा यह पोल स्थापित किया गया है। छावनी परिषद के सहायक अभियंता समर विजय सिंह राणा ने बताया कि लोगों में राष्ट्रीय भावना जागृत करने के उद्देश्य से ब्रिटिश काल से चले आ रहे 20 फीट ऊंचाई वाले पोल को बदलकर उसके स्थान पर 54 फीट ऊंचाई वाला पोल स्थापित कर उस पर तिरंगा लगाया गया है।

15 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू, छात्र सीखेंगे खेल के गुर

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : खेल प्रतिभाओं को निखारने और छात्रों में खेल कौशल विकसित करने के उद्देश्य से लैंसडौन क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए 15 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर जी.आर.आर.सी के डायस स्टेडियम में शुरू हो गया है।

इस शिविर में आर्मी पब्लिक स्कूल, पीएमश्री केवी, कैंट बोर्ड स्कूल, जीजीआईसी लैंसडौन के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण शिविर बाहर से बुलाए गए पेशेवर प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में छुट्टियों और रविवार सहित 15 से 30 नवंबर 2024 तक निरंतर रूप से चलता रहेगा। यह प्रशिक्षण दो सत्रों में कक्षा तीसरी से सातवीं तक के विद्यार्थियों के लिए सुबह 9 से 1 बजे तक तथा आठवीं से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए दोपहर 12 से 2 बजे तक रहेगा। इस शिविर में छात्रों को विभिन्न प्रकार के खेलों जैसे क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबाल, खेलों की तकनीक और रणनीतियां सिखाई जा रही है। प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने कहा कि विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की टीम छात्रों को उनकी क्षमताओं के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लाभकारी होगा। प्रधानाचार्य ने स्कूल के चेयरमैन ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, कमांडेंट जी.आर.आर.सी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की खेल गतिविधियां क्षेत्र में पहली बार आयोजित की जा रही है।

प्रशिक्षक छात्रों को खेल के बारे में जानकारी देते हुए।

गढ़वाल विवि में मनाया जनजातीय गौरव दिवस

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। साथ ही दस दिवसीय कार्यक्रमों की विधिवत शुरुआत की गई। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. बीआर अम्बेडकर यूनिवर्सिटी ऑफ सोशल साइंस इंदौर के कुलपति प्रो. रामदास गोमाजी आत्रम ने भगवान बिरसा मुंडा के स्वतन्त्रता संग्राम में भूमिका और जनजातीय इतिहास पर अपनी बात रखी।

गढ़वाल विवि के सहायक आचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह ने बिरसा मुंडा के नेतृत्व में हुए उलगुलान आंदोलन और उनके त्याग और बलिदान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इस अवसर पर विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 15 से 26 नवंबर तक प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

कोटद्वार और पौड़ी से डांडा नागराजा के लिए चलाई जाएं बसें

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को सौंपा ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रकाश थपलियाल ने पौड़ी और कोटद्वार से डांडा नागराजा बंगानीखाल बस सेवा शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को ज्ञापन सौंपा है। कहा कि कोराना काल से उक्त मार्ग पर बस सेवाओं का संचालन किया जाता था, लेकिन कोराना काल के बाद से बस सेवाओं का संचालन नहीं किया जा रहा है। जिस कारण स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनहित में उक्त मार्ग पर बस सेवाओं का संचालन जल्द शुरू किया जाना चाहिए। ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता श्री थपलियाल ने कहा कि पौडी गढ़वाल में डांडा का नागराजा का प्राचीन मंदिर है। जिसमें लोगों की बड़ी आस्था है। यहां पर बहुत दूर कोटद्वार, पौडी, देहरादून, दिल्ली आदि मैदानी क्षेत्र से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। मंदिर कोटद्वार से लगभग 100 किलोमीटर तथा पौड़ी से 35 किलोमीटर दूर है। उन्होंने कहा कि करोना काल से पूर्व इस मार्ग पर कोटद्वार और पौडी से दो-दो बसें डांडा नागराजा बंगानीखाल के लिए चलती थी, जो कि वर्तमान में बंद हैं। जिस कारण सतपुली, बंघाट, बनेख, घंडियाल, कांसखेत, अधवानी, नाहसैन, बंगान खाल और डांडा का नागराजा बहेड़ा खाल) सहित अन्य गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में उक्त मार्ग पर बस सेवा शुरू कराने की मांग जीएमओयू और रोडवेज प्रशासन से की गई, लेकिन अभी तक बस सेवा शुरू नहीं हो पाई है। जिस कारण क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। कहा कि जनहित पौड़ी और कोटद्वार से डांडा नागराजा बंगानीखाल बस सेवा प्रारम्भ की जानी चाहिए, ताकि क्षेत्र की जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

श्री सिद्धबली मंदिर में 6 दिसंबर से शुरू होगा वार्षिक अनुष्ठान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : खोह नदी के तट पर स्थित पौराणिक सिद्धपीठ सिद्धबली मंदिर में श्री सिद्धबाबा का तीन दिवसीय वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव आगामी 6 दिसंबर से शुरू होगा। मंदिर समिति की ओर से महोत्सव को सफल बनाने के लिए तैयारियां चल रही हैं।

मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. जेपी ध्यानी और विवेक अग्रवाल ने बताया कि वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव के पहले दिन 6 दिसंबर को सुबह 5:00 बजे से पिंडी महाभिषेक होगा। सुबह 7:00 बजे मंदिर की परिक्रमा के बाद एकादश कुंडीय यज्ञ होगा। सुबह 8:00 बजे सिद्धों की डांडा की यात्रा शुरू होगी। शाम को 4:00 बजे से नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। महोत्सव के दूसरे दिन 7 दिसंबर को सुबह 5:00 बजे से पिंडी महाभिषेक होगा। सुबह 7:00 बजे एकादश कुंडीय यज्ञ होगा। दोपहर 1:00 बजे जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण गढ़वाली भजन संध्या में सिद्धबाबा के भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि आचार्य बालकृष्ण होंगे। महोत्सव के अंतिम दिन गढ़वाली जागर होगा और दोपहर 12:00 बजे सिद्धबाबा को सवामन रोट का प्रसाद चढ़ाने के बाद प्रसाद वितरित होगा। मुंबई के भजन गायक मनोज मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी एवं साथी कलाकार भजन की प्रस्तुतियां देंगे। अंतिम दिन के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर मैत्रेयी महाराज और महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज होंगे।

कोट गांव में मिला गुलदार के शावक का शव

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : गढ़वाल वन प्रभाग की नागदेव पौड़ी रेंज के कोट गांव में शनिवार को गुलदार के शावक का शव मिला।

शावक का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में ले लिया है। नागदेव पौड़ी रेंज के रेंजर दिनेश नौटियाल ने बताया कि शनिवार को वन विभाग को सूचना मिली कि कोट गांव में गुलदार के शावक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर टीम भेजकर शव को कब्जे में लेकर नागदेव रेंज लाया गया है। शावक 7 से 8 महीने का लग रहा है। बताया कि आपसी संघर्ष में गुलदार के शावक का मृत होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही गुलदार के शावक के मृत होने के कारणों का स्पष्ट पता चल पाएगा।

अंतर विद्यालयी कबड्डी में एमकेवीएन और बलूनी पब्लिक स्कूल ने जीती ट्राफी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रही बालिका वर्ग की दो दिवसीय अंतर विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता अंडर-19 में एमकेवीएन स्कूल और अंडर-14 में बलूनी पब्लिक स्कूल विजयी रहा। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन भाटिया एवं पर्यवेक्षिका सारिका रावत ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नवयुग पब्लिक स्कूल ने हैप्पी होम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एमकेवीएन ने बलूनी पब्लिक स्कूल को हराकर फाइनल में पहुंची। फाइनल मुकाबले में एमकेवीएन स्कूल ने नवयुग पब्लिक स्कूल को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। बेस्ट रेडर का अवार्ड नवयुग पब्लिक स्कूल की कंचन और बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड एमकेवीएन की शिवानी ने अपने नाम किया। दूसरी ओर अंडर-14 वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में बलूनी पब्लिक स्कूल ने एमकेवीएन व दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एसजीआरआर ने डीएवी को हरा कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में बलूनी पब्लिक स्कूल ने एसजीआरआर को हराकर ट्रॉफी जीती। बेस्ट रेडर का अवार्ड बलूनी पब्लिक स्कूल की स्वर्णिमा, बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड बलूनी पब्लिक स्कूल की टीना ने अपने नाम किया। प्रतियोगिता में नगर के 22 विद्यालयों की कबड्डी टीमों ने प्रतिभाग किया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने विजेता व उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

अंतर विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम जीत का जश्न मनाते हुए।

सूचना क्रांति के दौर में पत्रकारिता के क्षेत्र में हो रहे निरंतर बदलाव

''पत्रकारिता का बदलता स्वरूप'' थीम पर किया गया गोष्ठी का आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला सूचना कार्यालय पौड़ी में ''पत्रकारिता का बदलता स्वरूप विषय पर अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी सुनील सिंह तोमर की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी सुनील सिंह तोमर ने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में पत्रकारिता के क्षेत्र में निरंतर बदलाव हो रहे हैं। मीडियाकर्मी इन बदलावों को अपनाते हुए समाज और देश हित में बेहतर पत्रकारिता कर रहे हैं। पत्रकारिता जगत के साथी सूचना क्रांति को अपनाते हुए विश्वसनीयता बनाकर कवरेज करें। उन्होंने पत्रकारों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पत्रकार साथियों के साथ मिलकर समाज की बेहतरी के लिए काम किया जा रहा है।

इस दौरान वरिष्ठ मीडियाकर्मी अनिल बहुगुणा ने पत्रकारिता के शैशव काल से मौजूदा समय की पत्रकारिता की दिशा और दशा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता का स्वरूप काफी बदल गया है। प्रिंट मीडिया के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया भी जगह बना चुका है। आज न्यूज पोर्टल त्वरित गति से पाठकों के समक्ष खबरें पेश कर रहे हैं। पत्रकार राकेश रमण शुक्ला ने कहा कि हम संचार क्रांति के दौर से गुजर रहे हैं। डिजिटल मीडिया के दौर में न्यूज पोर्टल की भरमार हो गई है। कई पोर्टल पर पाठकों की विश्वसनीयता बढ़ी है। हालांकि सीमित संसाधनों की वजह से कई बार कतिपय पोर्टलों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो जाते हैं। पत्रकार मनोहर बिष्ट ने कहा कि शुरूआती दौर में पत्रकारिता मिशन के रूप में थी। समय के साथ आ रहे बदलाव की वजह से सोशल मीडिया में खबरें पेश करने की जो होड़ मची है, उससे विश्वसनीयता पर असर पड़ रहा है। चौथे स्तम्भ के रूप में मीडिया जनपक्षीय कवरेज कर अपना स्थान कायम रख सकता है। पत्रकार मुकेश बछेती ने कहा कि सोशल मीडिया के वर्चस्व की वजह से कुछ व्यवहारिक दिक्कतें आ रही हैं। कई बार सोशल मीडिया में प्रस्तुत न्यूज कटेंट से भ्रम की स्थिति पैदा होती है। इसलिए सोशल मीडिया में कुछ हद तक लगाम कसना जरूरी है। पत्रकार प्रदीप नेगी ने कहा कि आज डिजिटल मीडिया का समय आ गया है। इस दौर में किसी खबर के सच होने पर संशय पैदा हो रहा है। जिससे समय-समय पर न्यायालयों को भी इसका संज्ञान लेना पड़ रहा है। गोष्ठी में पत्रकार कुलदीप बिष्ट, पंकज रावत, प्रदीप नेगी, गब्बर सिंह भण्डारी, विजय बहुगुणा, पंकज रावत सहित सूचना विभाग से संरक्षक प्रमोद बर्तवाल, कनिष्ठ सहायक पुष्कर बिंजोला, मानवेन्द्र कंडारी, संदीप थपलियाल, हरेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

डिजायर क्लब ने जीता अंडर-14 क्रिकेट का खिताब

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : एमकेवीएन ग्राउंड में क्रिकेट एसोसिएशन पौड़ी की ओर से अंडर-14 क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला जीतकर डिजायर क्लब फाइनल मैच जीतकर चैंपियन बनी। एरोन नेगी को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबला एमकेवीएन और डिजायर क्लब के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए डिजायर टीम ने 182 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमकेवीएन क्लब की टीम छः विकेट खोकर 163 रन ही बना पाई और डिजायर क्लब ने 19 रन से जीत दर्ज कर ली। मैच में एमकेवीएन की ओर से सबसे अधिक एरोन नेगी ने 70 रन बनाए। फाइनल मैच के अंपायर अनिल सिंह और रोहित निर्मोही रहे। प्रतियोगिता में अनुभव नेगी को बेस्ट गेंदबाज और एरोन नेगी को बेस्ट बल्लेबाज व मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। विजयी टीम को ट्रॉफी और खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। क्रिकेट एसोसिएशन पौड़ी के सचिव मनोज नौटियाल, ज्वाइंट सेक्रेट्री रमेश रावत, कोषाध्यक्ष दीपक बड़थ्वाल, क्रिकेट कोच नरेंद्र नेगी, गढ़वाल फुटबाल कोच अरुण नेगी, निवर्तमान पार्षद अमित नेगी, युवा दृष्टि की अध्यक्ष श्वेता नेगी आदि उपस्थित रहे।

श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर का जिला स्तर पर दबदबा

नई टिहरी : केंद्रीय संस्कृत विवि के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर ने संस्कृत की विभिन्न स्पर्धाओं में एक बार फिर दबदबा बनाया है। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं के तहत खंड स्तर की सभी छह स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद जिला स्तरीय स्पर्धाओं में परिसर को छह में से चार प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान मिला है। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हर वर्ष खंड, जिला और राज्य स्तर पर संस्कृत की समूह नृत्य, समूहगान, आशुभाषण, श्लोकोच्चारण, वाद-विवाद और नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित करती है। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर ने कोट ब्लॉक के तहत इस बार सभी छह स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर में प्रवेश किया था। कोटद्वार में आयोजित जिला स्तरीय स्पर्धाओं में रघुनाथ कीर्ति परिसर ने समूहगान, समूह नृत्य, नाटक और वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि आशुभाषण में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार परिसर प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर भी भाग लेगा। छात्रों द्वारा विनोद शर्मा के निर्देशन में प्रस्तुत ह्यमृच्छकटिकम्ह्न नाटक भी खूब सराहा गया। शोध छात्रा उर्मिला के निर्देशन में गढ़वाली गीतों के संस्कृत में समूह गान प्रस्तुत किया गया। स्पर्धाओं में कुशाग्र अत्री, गिरीश चंद्र भट्ट, जिया, दीपांक्षा, शिवानी, आरती, मयंक, दिगंबर, अक्षत डंगवाल, योगेश सेमवाल, अर्चना नौडियाल, पायल रावत आदि ने प्रतिभाग किया। निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने कहा कि छात्रों की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। (एजेंसी)

कबड्डी में आर्य भट्ट सदन ने मारी बाजी

रुद्रप्रयाग : श्री गुरुरामराय पब्लिक स्कूल तिलणी रुद्रप्रयाग में 4 दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिंह चौहान ने रिबन काटकर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। पहले दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुई। सीनियर वर्ग कबड्डी में आर्य भट्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि रमन सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में खो-खो में रामानुज ने प्रथम, भाभा ने द्वितीय स्थान पाया। लम्बी कूद में सीनियर वर्ग में सक्षम नेगी, सूरज कठैत एवं अंशु राणा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ऊंची कूद में आदित्य बिष्ट, जयदीप नेगी एवं अभय भंडारी व करन बिष्ट ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैटमिंटन में भाभा सदन ने जूनियर वर्ग में प्रथम, आर्यभट्ट ने सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक कक्षाओं में लम्बी कूद में कृष्णा कुमार ने प्रथम, आभास, निर्मल ने द्वितीय तथा आयुष राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शादी से पूर्व वाहन स्वामियों को "सेफ सफर ऐप" के माध्यम से करना होगा रजिस्ट्रेशन : डीएम

ओवर लोडिंग वाहनों पर रखें विशेष ध्यान, पकड़े जाने पर करें सख्त कार्यवाही

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि नशे में वाहनों का संचालन व ओवर लोडिंग पर वाहन संचालकों पर सख्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शादियों के लिए बुक हुए वाहन स्वामियों को सेफ सफर एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने आरटीओ को निर्देश दिये कि रजिस्ट्रेशन नहीं करने वाले वाहन स्वामियों पर सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने पटवारियों को भी सख्त निर्देश दिये कि शादी में चलने वाले वाहनों के रजिस्ट्रेशन चेक करें।

शनिवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी के लेवल पर रोड़ सेफ्टि को लेकर एक कमेठी का गठन करने को कहा। उन्होंने कहा कि कमेठी में ब्लॉक स्तर के उच्च अधिकारियों को भी शामिल करें। कहा कि दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यह कमेठी मोटर मार्गो के असुरक्षित स्थानों को चिन्हित करेगी। जिससे उन स्थानों पर समय पर सुरक्षा हेतु कार्य किये जाएंगे। जिलाधिकारी ने आरटीओ, पुलिस व उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि ओवर लोडिंग वाहनों पर विशेष ध्यान रखें और पकड़े जाने पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि दुपहिया वाहन संचालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं करने व तेज रफ्तार से वाहन चलाने पर चालानी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि रोड़ सेफ्टि को लेकर गंभीरता से कार्य करें। बैठक में आरटीओ ने बताया कि शादियों में बुक टैक्सी-मैक्सी वाहन स्वामी सीधे सेफ सफर एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जबकि बसों को शादी से पूर्व आरटीओ कार्यालय से शादी के लिए अस्थाई परमिट लेना होगा और उसके बाद सेफ सफर एप के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन करना होगा। बैठक में बताया कि परिवहन विभाग द्वारा माह जनवरी से अक्टूबर तक 35112 चालन व पुलिस विभाग द्वारा 30908 चालन किये हैं। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ, आरटीओ द्वारिका प्रसाद, अधिशासी अभियंता लोनिवि दिनेश बिजल्वाण, अधिशासी अभियंता बैजरो लोकेश कुमार, आपदा प्रबंधन अधिकारी दीपेश काला सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जनसम्पर्क अभियान में यूकेडी ने मांगे वोट

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के चलते उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी डॉ. आशुतोष भंडारी ने सिल्ला, फलई, रयाड़ी, पठालधार, सिंड़गटा, डांगी, लठगाड़, बसकेदार ग्रामों में प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने बसुकेदार ग्राम में जनसभा आयोजित की। इस दौरान सभी ने यूकेडी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। बसूकेदार में आयोजित बैठकों में भंडारी ने कहा कि राज्य का एक मात्र क्षेत्रीय दल यूकेडी राज्य के मूल निवासियों के अधिकारों की बात कर सकता है। आज तक राज्य आंदोलन की अवधारणा के अनुरूप राज्य हमें नहीं मिल पाया। 24 वर्षों में उत्तराखंडवासियों पर 11 मुख्यमंत्री का बोझ तो डाल दिया किंतु आज तक राज्य की स्थाई राजधानी तय नहीं हो पाई। अपने ही राज्य में हमारा मूल निवास का अधिकार छीन लिया गया है। प्रचार अभियान में उनके साथ केंद्रीय कार्यकारी आनंद प्रकाश जुयाल, केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय, शांति प्रसाद भट्ट, प्रमिला रावत, मेजर संतोष भंडारी, देवेंद्र दत्त पंत, केंद्रीय महामंत्री किरन रावत, आशीष नेगी, आकाश नौटियाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। (एजेंसी)

चंबा में शनिवार को बाजार रहेगा बंद

नई टिहरी : व्यापार सभा भवन चंबा में उद्योग व्यापर मंडल चंबा के अध्यक्ष बलबीर पुंडीर के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न प्रस्ताव पारित करते हुए शनिवार को मेडिकल व होटल सहित आवश्यक सेवाओं को छोड़कर पूर्ण रूप से बाजार बंद रखने का निर्णय किया गया है। शनिवार को आवश्यक सेवाओं को छोड़कर दुकान खोलने पर पहली बार 11 सौ रूपये और दूसरी बार 21 सौ और तीसरी बार 51 सौ रूपये का जुर्माना लगाने का निर्णय लिया किया।

706 ग्राम चरस के साथ चार गिरफ्तार

नई टिहरी : नशा और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चंबा थाना पुलिस ने चार नशा तस्करों को 706 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोर्ट के निर्देश पर सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। चंबा के थानाध्यक्ष एलएस बुटोला ने बताया कि शुक्रवार रात को ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर डौल नागणी के पास चेकिंग के दौरान हरिद्वार निवासी चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिसमें तनवीर खान पुत्र नफीस निवासी ज्वालापुर हरिद्वार, समीर अहमद पुत्र आजम, मोबिन खान पुत्र शरीफ दोनों निवासी रानीपुर हरिद्वार और गुलशन अहमद पुत्र मनोबर अली निवासी माधोपुर हजरतपुर थाना गंग नहर हरिद्वार को 706 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

छावनी परिषद् लैन्सडौन

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छावनी परिषद् लैन्सडौन द्वारा स्वीकृत तिथि से 01 वर्ष हेतु लैन्सडौन छावनी के व्यायामशाला/जिम/हेल्थ क्लब/योगा केन्द्र के लीज पर दिये जाने हेतु सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 10/12/2024 को समय 15:00 बजे टेण्डर बॉक्स में डाली जा सकती है। जो उसी दिन समय 15:30 बजे खोली जाएगी। निविदा फार्म दिनांक 09/12/2024 तक समय 1700 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है साथ ही अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 09/12/2024 तक सम्पर्क किया जा सकता है।

पत्रांक 2000/दु0स0/छा0प0 — मुख्य अधिशासी अधिकारी
कार्यालय छावनी परिषद् लैन्सडौन — छावनी परिषद् लैन्सडौन
दिनॉक नवम्बर 2024

एक नजर

बलबीर बनें श्रमजीवी यूनियन के अध्यक्ष

नई टिहरी : जनपद टिहरी गढ़वाल की श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की जिला इकाई का गठन शनिवार को सर्वसम्मति से प्रेस क्लब में किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर बलबीर नेगी, उपाध्यक्ष पद पर राजेश डिबूंडी और विजय गुसांई, महामंत्री पद पर प्रदीप डबराल, सचिव पद पर शीशपाल रावत, प्रमोद चमोली, सीमा नैथानी और ज्योति डोभाल, कोषाध्यक्ष पद पर धीरेंद्र भंडारी और संप्रेक्षक पद पर विजय पाल राणा को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में शैलेंद्र भट्ट, विजय खंडूड़ी, डीपी उनियाल, अब्बल रमोला, केशव रावत, अंकित मित्तल, मनमोहन रावत शामिल किये गये। (एजेंसी)

अवैध कटान रोकने की उठाई मांग

नई टिहरी : दिखोल गांव के ग्रामीणों ने डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर गांव की सार्वजनिक वन भूमि पर अवैध कटान रोकने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से डीएम को अवगत कराया कि ग्राम सभा दिखोल गांव के तहत पाछाखोड्यों व मथ्थागों नामे तोक के बीच ग्राम सभा की सार्वजनिक वन भूमि पर कुछ लोगों द्वारा जेसीबी मशीन लगवाकर अवैध कटान किया जा रहा है। अवैध कटान से गांव के वर्षों से संरक्षित बांज बुरांश सहित चारा पत्ती के पेड़ों को खासा नुकसान पहुंच रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में बीडीसी सदस्य संजय रावत, जय सिंह रावत, अवतार सिंह, रणवीर सिंह, रघुवीर सिंह, विजेंद्र सिंह, धीरज सिंह, बलवंत, बसंत, राजपाल आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

यूथोपिया में अंकित तिवारी संग नाचे छात्र

देहरादून। डीआईटी यूनिवर्सिटी के बहुप्रतिक्षित वार्षिक टैक्नो कल्चरल फेस्ट यूथोपिया–2024 में 'रेट्रो रीमिक्स' थीम के साथ गायक अंकित तिवारी ने खूब धूम मचाई। अतीत के पुराने आकर्षण को आज के युवाओं की जीवंत ऊर्जा के साथ मिलकर प्रस्तुत इस कार्यक्रम में छात्रों ने जमकर नृत्य किया। डीआईटी के 26 वे वर्ष के इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डीआईजी अमिताभ श्रीवास्तव, डीआईटी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. जी रघुराम, डॉ. राकेश मोहन, डॉ. सुरभि सचदेव, डॉ. नवीन सिंघल, डॉ. मनीषा दुसेजा, सौरभ मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में दून ऑटो शो में पुरानी और आधुनिक कारों का रोमांचक प्रदर्शन हुआ। बैटल ऑफ बैंड्स में छात्रों के प्रतिभाशाली समूहों ने एक–दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर अपने संगीत कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। शाम ढलते ही परिसर में शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन, बॉलीवुड संगीत, पश्चिमी नृत्य, सूफी संगीत और रंगमंच का युवा दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया। फैशनिस्टा में परिधानों का प्रदर्शन हुआ। दिव्या भट्ट, डीजे साहिल गुलाटी ने दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। ग्रैंड फिनाले में स्टार गायक अंकित तिवारी ने शानदार प्रस्तुति दी।

बाल दिवस पर ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

देहरादून। उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने शनिवार को ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बच्चों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रत्येक जिले से 400 से अधिक बच्चे उपस्थित, समाज कल्याण, महिला कल्याण, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, पुलिस अधिकारी और जिला बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने की। जिन्होंने बाल अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए समाज और सरकार की भूमिका पर प्रकाश डाला। बैठक में बच्चों और उनके परिवारों के साथ संवाद स्थापित किया गया। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए अपने दृष्टिकोण और सुझाव भी साझा किए।

शिक्षा और उद्योगों में दूरी खत्म करने के लिए व्यवहारिकता जरुरी :प्रो .सुरेखा

देहरादून। शिक्षा के उद्देश्यों और उद्योगों की आवश्यकता के बीच अंतर समाप्त करने और छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देने के उद्देश्य से दून विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने शनिवार को एक दिनी लिनक्स कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को लिनक्स के व्यावहारिक उपयोग और आईटी क्षेत्र में उपलब्ध कॅरियर के अवसरों की जानकारी देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने किया। उन्होंने शिक्षा को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप बनाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित करें निस्तारण : सीडीओ

चमोली : जिले में औद्योगिक विकास को गति देने और उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण हेतु शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक हुई। जिसमें विभागों को उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिला स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक के दौरान पूर्व में हुई बैठक की कार्यवाही पर चर्चा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला महाप्रबंधक को औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटित भूखंडों की लीज अनुबंध की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में संचालित उद्यमों में अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम करने और इसका स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उद्यमियों की ओर से कालेश्वर औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेनेज को लेकर हो परेशानी के निस्तारण की बात कही गई। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में जल निकासी की सुचारु व्यवस्था के लिए प्रस्ताव तैयार कर आपदा न्यूनीकरण मद में वित्तीय स्वीकृति के लिए भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यमियों की ओर से विद्युत की सुचारू आपूर्ति के लिए अलग फीडर दिए जाने की मांग पर सीडीओ ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। महाप्रबंधक उद्योग ने जानकारी दी कि फीडर सेपरेट करने के लिए विभाग की ओर से 28 लाख का प्रस्ताव तैयार किया गया है और वित्तीय स्वीकृति के लिए निदेशालय भेजा गया है। बैठक में स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी न बैंक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रेड क्रॉस समिति ने महिलाओं को किया सम्मानित

रुद्रप्रयाग : भारतीय रेडक्रॉस समिति के सहयोग में एक दिवसीय फर्स्ट एड स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पर्यावरण व वृक्षारोपण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं के इस कार्य की सराहना भी की गई। तल्ला कोठगी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में समिति के महासचिव हरिश्चंद्र शर्मा ने ब्लीडिंग, फ्रैक्चर होने पर फर्स्ट एड की जानकारी दी गई। पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। राज्य आपदा समन्वयक मुंशी चौमवाल ने फर्स्ट एड की जानकारी देते हुए महिलाओं से डम्मी के माध्यम प्रयोगात्मक प्रशिक्षण करवाया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करने के लिए अध्यक्ष कोठगी प्रभा भंडारी, अध्यक्ष भटवाड़ी सुमित्रा देवी, मदोला सरिता देवी, क्वीली देवेश्वरी देवी, क्वीली-2 संगीता देवी, कुरझण बिंदी देवी, ढोंढीक मनीषा देवी, आगर मीना राणा, महिला मंगलदल अध्यक्ष सोनाली जग्गी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। (एजेंसी)

15 गारंटी की घोषणा के साथ आम आदमी पार्टी ने निकाय चुनाव का बिगुल फूंका

देहरादून। आम आदमी पार्टी ने राज्य में निकाय चुनाव के लिए बिगुल फूंक दिया। शनिवार को प्रेस क्लब में आप के सहप्रभारी दिल्ली से विधायक रोहित मेहरौलियां ने निकाय चुनाव में पार्टी की सक्रिय भागीदारी का ऐलान करते हुए 15 चुनावी गारंटियां भी घोषित कर दी। इसके तहत निकायों की खाली जमीनों पर स्मार्ट स्कूल और मुफ्त शिक्षा, हर चार–पांच वार्ड के बीच एक मोहल्ला क्लीनिक की स्थापना, घर घर जाकर जन्म–मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने और अस्थायी कर्मचारियों को परमानेंट करना प्रमुख है। अफसरों द्वारा कर्मचारियों से वसूली को बंद कराना भी आप की 15 गांरटियों में शामिल है।मेहरौलिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने देश की राजनीति में गारंटी की परंपरा स्थापित की है। अब तक राजनीतिक दल घोषणा पत्र, संकल्पत्र आदि कहते आए थे। लेकिन आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनाव के दौरान गारंटी दी और उन्हें पूरा भी किया। दिल्ली और पंजाब इसका उदाहरण हैं। राज्य में होने वाले निकाय चुनाव में आप मजबूती के साथ शामिल होगी। कल से ही इसका अभियान शुरू किया जा रहा है।इस मौके पर आप के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर, उपाध्यक्ष विशाल चौधरी, प्रेम सिंह, डीके पाल, हिमांशु पुंडीर, कुलवंत सिंह, गणेश भट्ट, सचिव डॉ.ड्ड शोएब अंसारी, संयुक्त सचिव जसबीर सिंह, श्यामलाल नाथ,प्रदेश प्रवक्ता अरविंद वर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मनोज चौधरी, महानगर अध्यक्ष शरद जैन, जिलाध्यक्ष परवादून अशोक सेमवाल , महानगर मीडिया प्रभारी संजय क्षेत्री आदि मौजूद रहे।

पांच सितारा होटल के बार को 12 घंटे अतिरिक्त समय देने पर आपत्ति

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने जिलाधिकारी देहरादून के उस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है, जिसमें उन्होंने दानियों का डांडा मसूरी रोड स्थित एक पांच सितारा होटल के बार को 12 घंटे अतिरिक्त समय तक संचालित किए जाने का आदेश पारित किया है। माहरा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में माहरा ने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही देहरादून के ओएनजीसी चौक पर हुई भीषण दुर्घटना में छह युवाओं को असमय काल कल्वित होना पड़ा था। इस दुर्घटना का एक मुख्य कारण वाहनों की तेज रफ्तार एवं देहरादून में देर रात तक चलने वाले पब एवं शराब बारों को किसी हद तक जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। देर रात तक खुलने वाले शराब बारों के चलते जहां एक ओर प्रदेश की युवा पीढ़ी नशाखोरी की ओर बढ़ रही है, वहीं ये इस प्रकार की दुर्घटनाओं का सबब भी बनते जा रहे हैं।

माहरा ने कहा कि जहां एक ओर शराब की दुकानों, रेस्टोरेंटों में चलने वाले बार का समय कम करने की मांग की जा रही है, वहीं देहरादून के जिलाधिकारी एवं आबकारी आयुक्त की ओर से एक पांच सितारा होटल में संचालित शराब बार को अपने 28 अक्तूबर के आदेश में 12 घंटे अतिरिक्त समय तक खोलने की अनुमति दी गई है।

सीबीआई से स्टील फैक्ट्रियों में बिजली चोरी जांच की मांग

देहरादून। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रुड़की और काशीपुर सर्कल के तहत स्थापित स्ट्रील फैक्ट्री में बिजली चोरी की जांच ईडी या सीबीआई से कराने की मांग की है। पार्टी ने तहसीलदार सुरेन्द्र देव के माध्यम से इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। प्रेस क्लब में हुई प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा राज्य की स्टील फैक्ट्री में हो रही बिजली चोरी ने अधिकारियों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी ने चार सूत्रीय मांग पत्र में 15 दिन के भीतर इस विषय पर कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यूपीसीएल अधिकारी रुड़की और काशीपुर सर्कल में स्थापित स्टील फैक्ट्रियों में हर माह पांच करोड यूनिट यानि लगभग चालीस करोड रुपये की बिजली चोरी करवा रहा है। जो सीधा सीधा राजस्व का नुकसान है। पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना ईष्टवाल ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर बिजली चोरी बिना अधिकारियों की मिली भगत के संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि रुड़की काशीपुर सर्कल के सब डिवीजनों में लाइन लॉस 65 फीसदी तक है। उत्तराखंड में प्रदेश सरकार की नीतियों में सुधार की जरुरत बताई।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावली के पुनरीक्षण कार्यों को समय से पूरा करें : डीएम

चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यों को लेकर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने शनिवार को सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्य समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए। जनपद में समस्त ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली का विस्तृत पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 नवंबर 2024 तक संगणक द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जाएगा। 26 से 29 नवंबर तक प्रारूप निर्वाचक नामावलियों की पाण्डुलिपियां तैयार की जानी है। 30 नवंबर तक सभी पाण्डुलिपियां चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। 01 से 28 दिसंबर तक प्रारूप निर्वाचक नामावलियों की डाटा एंट्री और फोटो स्टेट प्रतियां तैयार की जाएंगी। 29 व 30 दिसंबर को प्रारूप निर्वाचक नामावलियां जन सामान्य के निरीक्षण के लिए उपलब्ध की जाएंगी। 31 दिसंबर को निर्वाचक नामावली का आलेख प्रकाशन होगा। 01 से 07 जनवरी तक दावे/आपत्तियां और 08 से 10 जनवरी तक दावे/आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 11 व 12 जनवरी को पूरक सूची की पाण्डुलिपियां तैयार करने के बाद 13 जनवरी को चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। इसके बाद पूरक सूचियों की डाटा एंट्री, फोटो स्टेट प्रतियां तैयार कर नोडल एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराने के साथ ही 17 जनवरी 2025 को जन सामान्य के लिए निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर इसका व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करते हुए निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यों को समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। सभी मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए जाए।

पत्रकारिता के मूल मूल्यों को संरक्षित रखना एक चुनौती

चमोली : राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर शनिवार को जिला सूचना कार्यालय चमोली में ''चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस'' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक ने प्रेस की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान मीडिया में भ्रामक खबरों के प्रकाशन-प्रसारण से होने वाली समस्याओं को भी उजागर किया गया। वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट ने संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए ''चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस'' विषय पर अपने विचार और सुझाव रखे। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी) के इस युग में पत्रकारिता के मूल मूल्यों को संरक्षित रखना एक चुनौती है। इसमें कुछ फायदे है तो कुछ नुकसान भी है। नैतिक मुद्दे और सार्वजनिक विश्वास को बनाये रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में पत्रकारिता की प्रवृत्ति सत्य और तथ्य पर ही टिकी है। परंतु त्वरित जानकारी के दौर में सत्य और तथ्य को संभाले रखना चुनौती है। जल्दी में समाचारों के प्रसारण की चुनौती से पार पाने के लिए इस मेधा का उपयोग करना कई बार तथ्य विहीन सूचनाओं के प्रसारण की चुनौती बनी हुई है। ऐसे में जमीनी मीडियाकर्मियों को संवेदनशीलता और तथ्यात्मकता के साथ कृत्रिम मेघा के उपयोग करना आवश्यकता है। वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद सेमवाल ने कहा कि पत्रकारिता में नकारात्मकता से हटकर सकारात्मक होकर काम किया जाना चाहिए। एक पत्रकार को समाचार लेखन में समाचार के सभी पक्षों को जनता के सामने रखा जाना चाहिए। संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार पुष्कर चौधर व लक्ष्मण सिंह राणा ने भी पत्रकारिता के मूल्यों और पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर अपने विचार रखे।

कांग्रेस निकाय चुनाव को लेकर वार्ड प्रभारियों की सूची जारी

हरिद्वार। नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने जिला प्रभारी के दिशा निर्देश पर वार्डों के प्रभारियों की सूची जारी कर दी। जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर को मध्य हरिद्वार स्थित तीन वार्डों खन्ना नगर, आवास विकास और शारदा नगर का प्रभारी बनाया है। महानगर अध्यक्ष ने सभी प्रभरियों को पांच दिन में वार्डों का दौरा करने का आग्रह किया है। नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारी शुरु कर दी है। कांग्रेस संगठन ने नगर निकाय चुनाव प्रभारी भी बना दिए हैं। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी को हरिद्वार जिले का प्रभारी बनाया है। महत्वपूर्ण बैठक में जिला प्रभारी महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग को नगर निकाय चुनाव से पहले प्रत्येक तीन वार्ड पर एक प्रभारी बनाने की जिम्मेदारी सौंपी थी।

चंद्रबनी के लोगों ने मालिकाना हक की मांग उठाई

देहरादून। चंद्रबनी वार्ड के लोगों ने शनिवार को अपनी मांगों को लेकर परेड ग्राउंड से जिलाधिकारी कार्यालय कूच किया। इस दौरान सभी ने मालिकाना हक दिलवाने की मांग को प्रमुखता के साथ उठाया। निवर्तमान पार्षद सुखबीर बुटोला ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

इसके माध्यम से उन्होंने चंद्रबनी वार्ड में वन अधिनियम 1927 के अनुसार धारा 4 को समाप्त करने और लोगों को मालिकाना हक देने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि पिछले साठ सालों से यहां करीब तीन परिवार निवासरत हैं। जो कई सालों से धारा 4 को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि नगर निगम के स्तर से बिजली पानी के नए कनेक्शन देने पर रोक लगवाई गई थी। वन विभाग पर चंद्रबनी मुख्य मार्ग पर स्वीकृत शहीद द्वार का निर्माण नहीं होने देने का आरोप लगाया। सड़कें नहीं बन पाने से परेशानी होने की बात कही। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख विपिन कुमार, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मदन सिंह, रामपाल राठौर, आशीष तोमर, ललित श्रीवास्तव, किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, विलोचन प्रसाद शर्मा, अनिल ढकाल, अजय गोयल, अनीष भटनागर, माधुरी नेगी, जिज्ञासा भंडारी, शांति रावत, बबली देवी, राधेश्याम कश्यप, जगदीश रतूड़ी, विनोद भंडारी, मनोज कोठारी, मधु प्रधान, मोहित शर्मा, मनीष थापा, कमल भंडारी, अशोक चौहान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया कनखल में आयोजित अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन–2024 में प्रतिभाग

हरिद्वार। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज हरिद्वार के कनखल में आयोजित अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन–2024 में प्रतिभाग किया। यह तीन दिवसीय सम्मेलन महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें देश के 14 राज्यों से चारों वेदों की 10 शाखाओं के विद्वान सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने वेदों के विशिष्ट विद्वानों को सम्मानित किया और परिसर में लगी वेदों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वेदों का विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि वेद भारतीय ज्ञान परंपरा की नींव हैं। इनमें वर्तमान और भविष्य की सभी चुनौतियों का समाधान छिपा है। वेदों का अध्ययन करने वाला व्यक्ति समाज का सच्चा मार्गदर्शक बनता है। वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू को प्रकाशित करने वाली ज्ञान की ज्योति हैं। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड को वेदों और वैदिक शिक्षा की पावन भूमि बताते हुए कहा कि यह ऋषियों और संतों की साधना स्थली रही है। यहाँ हजारों वर्षों से वेदों का पठन–पाठन होता आ रहा है।

उन्होंने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम वेदों के अमूल्य ज्ञान को पूरी मानवता तक पहुंचाएं और नई पीढ़ी को इससे जोड़ें। देवभूमि का हर कण ऋषि–मुनियों की तपस्या और ज्ञान से ओतप्रोत है। राज्यपाल ने भारतीय संस्कृति के अद्वितीय इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसकी जड़ें वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण और पुराणों में हैं। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन वेदों के अध्ययन और उनके महत्व को समझने में जनमानस की रूचि बढ़ाएगा। उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि ऐसे प्रयास हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और सशक्त बनाने में सहायक होंगे।इस अवसर पर महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी श्री विश्वेश्वरानंद गिरी जी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल,पूर्व सचिव प्रो. किशोर मिश्र, जिलाधिकारी हरिद्वार कमेंद्र सिंह, एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल, और कई विद्वान उपस्थित रहे।

अरुण सूद मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

देहरादून देवभूमि मास्टर्स एथलेटिक्स एंड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के त्रिवार्षिक चुनाव में अरुण कुमार सूद को दोबारा अध्यक्ष, सतीश चंद्र चौहान को महासचिव चुना गया। गढ़ी कैंट स्थित एक होटल में शनिवार को पर्यवेक्षक हेमंत कुमार उप्रेती के देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान जयमल सिंह नेगी उपाध्यक्ष, ललित चंद्र जोशी सचिव, गंभीर सिंह पंवार कोषाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार गुप्ता जन संपर्क अधिकारी, जीएन पंत संयुक्त सचिव, सूरज भान सिंह चौहान प्रबंधक, वंदना रावत उप प्रबंधक, कार्यकारी सदस्य गोविंद सिंह राणा को चुना गया।

ग्राफिक एरा में साइबर नेशन पर डेटा सुरक्षा की तकनीकों पर चर्चा

देहरादून।ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में साइबर नेशन एण्ड कम्प्यूटेशन पर अतंर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आखिरी दिन शनिवार को विशेषज्ञों ने डेटा सुरक्षा का घेरा मजबूत बनाने पर चर्चा करते हुए कहा कि आने वाले समय में चुनौती ओर भी ज्यादा होगी। इसके लिए छात्र–छात्राओं को नऐ कौशल सीखने व इन क्षेत्रों में शोध करने की आवश्यकता है। सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया के निदेशक अशोक कुमार ने कहा केन्द्र सरकार ने तकनीकी क्षेत्र में कई नये कदम उठाये हैं। इनमें सेमिकंडक्टर मिशन, एआई मिशन, क्वान्टम मिशन जैसे अनेकों मिशन शामिल हैं, ताकि युवाओं को और बेहतर तरीके से नवाचार से जोड़ा जाये। अशोक कुमार ने कहा कि आने वाला समय स्मार्ट टेक्नोलॉजी और एआई का है।

इसके लिए जरूरी है कि छात्र–छात्राओं को इसके बारे में पढ़ाया जाये। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिक डॉ. राकेश कुमार भारद्वाज ने छात्र–छात्राओं को टेरा हट्र्ज के विषय में जानकारी दी। टेरा हट्र्ज फ्रिक्वेंसी पर काम करती है, जिसकी मदद से तेज डेटा ट्रांसफर किया जा सकता है। यह डिफेन्स और सिक्योरिटी के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि यह डेटा को अस्पष्ट या कोड करने की तकनीक है, जिसे केवल वही व्यक्ति पढ़ सकता है जिसे जानकारी है या फिर जिसके पास कोड तोड़ने की कुंजी है। पुत्रा यूनिवर्सिटी मलेशिया की डॉ. नूर इजुरा उदजिर, सनशाइन कोस्ट एडिलेड आस्ट्रेलिया के डॉ. मनीष गुप्ता ने सोशल मीडिया पर फेक इमेजिस की जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार, डॉ. देवेन्द्र अरोड़ा, विहान सिंह भाकुनि, गौरव खोलिया, खुशी शर्मा, दक्ष रावत ने भी अपनी बात रखी। अतंर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 40 शोधपत्र पढ़े गये। सम्मेलन का आयोजन डिपार्टमेण्ट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ने किया। मौके पर कुलपति डॉ. संजय जसोला, डीन (रिसर्च एण्ड डेवलपमेण्ट) डॉ. व्रिन्स विमल, एचओडी डॉ. दिव्यांश बोर्डलोई, संयोजक डॉ. विक्रांत शर्मा, डॉ. सात्विक वत्स मौजूद रहे।

डीएम अध्यक्षता में हुई जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा सुधारीकरण एवं दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने वाले उपायों के लिए मौके पर धन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिलाधिकारी ने बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के कारकों की जानकारी के साथ ही दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने हेतु विभागों के सुधार मांगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि एक–एक जीवन कीमती हैं, दुर्घटनाओं के कारकों को चिन्हित कर उसके सुधार हेतु युद्धस्तर पर प्रभावी कार्ययोजना के बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दुर्घटना स्थलों एवं संभावित दुर्घटना स्थल पर थ्रीडी मार्किंग स्पीडब्रेकर की कार्ययोजना एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश लोनिवि के अधिकारियों को दिए इसके लिए डीएम ने 30 लाख की स्वीकृति मौक पर दी। वहीं पुलिस के कुछ खराब सीसीटीवी कैमरे की 03 वर्ष की एएमसी के लिए अन्टाइड फंड से धनराशि स्वीकृत की इसके लिए अधीक्षक यातायात पुलिस को प्रस्ताव प्रस्तुत करने को निर्देशित किया। साथ ही यातायात पुलिस की 14 नई टैर्जफिक लाईट को जीरो इन्वेस्टमेंट मॉडल पर लगाने की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा कर ली गई है, इसके लिए टैण्डरिंग प्रक्रिया होग गई है। जिलाधिकारी ने आरटीओ को निर्देशित किया कि जेब्रा क्रासिंग एवं स्टपेज साईन पर विलंब न करें प्रस्ताव मांगे तत्काल धनराशि की स्वीकृति दी।

जिलाधिकारी ने ओएनजीसी पर दुर्घटना के वक्त कैमरे में रिकार्डिंग न होने के कारणों की एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश इसके अतिरिक्त स्मार्ट टीवी के खराब कैमरों को 10 दिन के भीतर ठीक कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद में नगर क्षेत्र में स्थापित सभी कैमरों को स्मार्ट सिटी के इन्टिग्रेटेड कमांड एण्ड कन्ट्रोल सिस्टम से जोड़ने जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को आशारोड़ी पर हाईमास्क लाईट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि स्पीड मॉनिटर कैमरों को स्मार्ट सिटी के इन्टिग्रेटेड कमांड एण्ड कन्ट्रोल सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्मार्ट सिटी एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय कर कैमरों को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोलरूम सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए दिए कहा इसके लिए धन की आपूर्ति की जाएगी।बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश कुमार, अपर नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय जैन, अधीक्षक अभियंता लोनिनिवि श्री परमार, अधि.अभि लोनिवि. जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी सहित एनएच, एनएचआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338